जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 20 संख्याः 255 प्रभात जालोर, सोमवार 22 दिसम्बर, 2025 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## ‘संघ हिंदुओं की सुरक्षा के लिए काम करता है पर मुस्लिम विरोधी नहीं है’

### सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि संघ को भाजपा के नज़रिए से समझना गलत है

■ **कोलकाता में आरएसएस के शताब्दी समारोह में व्याख्यान देते हुए भागवत ने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य नैतिक रूप से ईमानदार और गुणी व्यक्तियों का निर्माण करना है, जो सेवा, मूल्यों व राष्ट्रीय गौरव से प्रेरित हों व देश के विकास में योगदान दें।**

कोलकाता, 21 दिसंबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संगठन का कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है और इसे भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नज़रिए से नहीं देखना चाहिए।

भागवत ने संघ के शताब्दी समारोह के हिस्से के रूप में कोलकाता में आरएसएस 100 व्याख्यान माला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, कहा कि आरएसएस को संकीर्ण या तुलनात्मक ढ ांचों से नहीं समझा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, “अगर आप संघ को समझना चाहते हैं, तो इसका अनुभव करना पड़ेगा। तुलना करने से गलतफहमी होगी। अगर आप संघ को सिर्फ एक और सेवा संगठन मानते हैं, तो आप गलत हैं।”

भागवत ने कहा, “बहुत से लोगों की प्रवृत्ति संघ को भाजपा के नज़रिए से समझने की होती है, जो बहुत बड़ी गलती है।” उन्होंने कहा कि हालांकि भाजपा के कई नेताओं की जड़ें आरएसएस में हो सकती हैं, लेकिन दोनों अलग-अलग भूमिकाओं वाले अलग-अलग संगठन हैं। बाद में कोलकाता के साइंस सिटी ऑडिटोरियम में एक अन्य कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि आरएसएस राजनीति नहीं करता है और उसका कोई दुश्मन नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह संगठन पूरी तरह से हिंदू समाज की भलाई, सुरक्षा और एकता के लिए काम करता है। उन्होंने कहा, “संघ को अक्सर गलत समझा जाता है। बहुत से लोग इसका नाम जानते हैं लेकिन इसके काम को नहीं समझते। आरएसएस दुश्मनी या टकराव की मानसिकता से काम नहीं करता।” संघ प्रमुख ने कहा कि आरएसएस का मुख्य उद्देश्य सज्जन यानी नैतिक रूप से ईमानदार और गुणी व्यक्तियों का निर्माण करना है जो सेवा, मूल्यों और राष्ट्रीय गौरव से प्रेरित हों और जो देश के विकास में योगदान दें।

भागवत ने कहा कि संगठन के विकास से कुछ लोगों के हितों पर असर पड़ सकता है, जिससे विरोध हो सकता है, लेकिन संघ खुद किसी को दुश्मन नहीं मानता। आरएसएस के मुस्लिम विरोधी होने के आरोपों को खारिज करते हुए भागवत ने कहा कि ऐसी धारणाएं तथ्यों के बजाय कहानियों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि संघ का काम पारदर्शी है और कोई भी इसे देख सकता है। उन्होंने कहा, “जो लोग आए हैं और हमारे काम को देखा है, उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला है कि हम कट्टर राष्ट्रवादी हैं जो हिंदुओं की सुरक्षा के लिए काम करते हैं लेकिन मुस्लिम विरोधी नहीं हैं।” उन्होंने आलोचकों से संगठन का दौरा करने और इसे सीधे समझने का आग्रह किया।

इस दौरान उन्होंने हिंदू समुदाय के अंदर ज़्यादा एकता और भूली हुई सांस्कृतिक तथा सामाजिक जड़ों की ओर लौटने का आ ान किया। बंगाल की विरासत का ज़िक्र करते हुए भागवत ने स्वामी विवेकानंद, राजा राम मोहन रॉय और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसी हस्तियों को याद किया। उन्होंने सामाजिक सुधार में उनकी भूमिका के लिए राजा राम मोहन रॉय की खास तौर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राष्ट्रपति ने वीबी-जी राम जी विधेयक को मंजूरी दी

नयी दिल्ली, 21 दिसंबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को ग्रामीण रोज़गार नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव वाले विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) : वीबी-जी राम जी विधेयक 2025 को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी।

यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए प्रति वित्तीय वर्ष मज़दूरी रोज़गार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ ाता है और सशक्तिकरण, समावेशी विकास, योजनाओं के अभिसरण (कन्वर्जेंस) तथा परिपूर्ण तरीके से सेवा-प्रदाय को आगे बढ़ ाने का प्रयास करता है, जिससे समृद्ध, सक्षम और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव मजबूत होगी।

■ **यह अधिनियम प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिनों के मजदूरी रोज़गार की गारंटी प्रदान करता है, बशर्तें परिवार के वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हों।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राज्यसभा सीट नहीं मिली तो रणनीति पर पुर्नविचार करेंगे- मांझी

■ **पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने कहा, “अगर हमें हमारा हक नहीं मिला तो हमें अपनी राह खुद बनानी होगी।”**

गया जी, 21 दिसंबर। पूर्व बिहार मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने रविवार को कहा कि उन्हें एनडीए में अनुचित व्यवहार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने संकेत दिया कि यदि उनकी पार्टी, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को आगामी राज्यसभा चुनावों में सीट नहीं दी जाती है, तो उन्हें अपनी राजनीतिक रणनीति पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी अपने गयाजी संसदीय क्षेत्र में पार्टी के एक कार्यक्रम में बोलते हुए की। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों के सवालों का भी जवाब दिया। मांझी अपने पुत्र संतोष कुमार सुमन, जो हम के राज्य मंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, के साथ उपस्थित थे। मांझी ने गठबंधन में अपने साथ हुए कथित “विश्वासघात” का जिक्र करते हुए स्थानीय भाषा मगही में कहा, “अगर हमें हमारा हक नहीं मिला तो हमें अपनी राह खुद बनानी होगी। मेरा अपना मंत्री पद कोई बड़ी बात नहीं है। अगर मैं केंद्रीय कैबिनेट में नहीं भी रहूं तो भी मैं राजनीतिक रूप से टिक जाऊंगा।” उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी, जिसका संसद में केवल एक सांसद है, अब राज्यसभा में भी सीट चाहती है। हालांकि, जब पत्रकारों ने उनसे और सवाल किए, तो मांझी ने अपनी विशिष्ट शैली में पलटी लेते हुए कहा, ”कृपया मेरे शब्दों को संदर्भ से बाहर न पेश करें। मैं अपनी पार्टी का निर्णय नहीं ले सकता क्योंकि मैं उसका कार्यालय अधिकारी नहीं बल्कि केवल संरक्षक (संग्रक्षक) हूं।”

## ‘बाँग्लादेश उच्चायोग सुरक्षित, बाँग्लादेशी मीडिया दुष्प्रचार से बचे’

■ **विदेश मंत्रालय ने कहा कि लोगों को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए।**

नई दिल्ली, 21 दिसंबर। विदेश मंत्रालय ने यहां स्थित बंगलादेश उच्चायोग की सुरक्षा के बारे में बंगलादेशी मीडिया में किए जा रहे दुष्प्रचार पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि उच्चायोग की सुरक्षा की स्थिति खराब करने की कोई कोशिश नहीं की गई है और लोगों को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां स्थित बंगलादेश उच्चायोग के सामने शनिवार को हुए प्रदर्शन के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में रविवार को कहा कि भारत विएना कन्वेंशन के अनुसार अपने क्षेत्र में विदेशी मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बंगलादेशी मीडिया इस बारे में दुष्प्रचार कर लोगों को गुमराह कर रहा है।

प्रवक्ता ने कहा, ” हमने इस घटना पर बांग्लादेशी मीडिया के कुछ हिस्सों में गुमराह करने वाला दुष्प्रचार देखा है। सच यह है कि 20 दिसंबर को नई दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के सामने लगभग 20-25 युवा इकट्ठा हुए और उहोंने मैमनसिंह में दीपू चंद्र दास की भयानक हत्या के विरोध में नारे लगाए, साथ ही बांग्लादेश में सभी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मनरेगा से गांधी का नाम हटाना, उनकी दूसरी हत्या है- चिदंबरम

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता चिदंबरम ने कहा कि इस विधेयक से ग्रामीण रोजगार की गारंटी कमज़ोर हो गई

■ **पी. चिदंबरम ने कहा कि गांधी और नेहरू को सरकारी आदेशों से नहीं मिटाया जा सकता, वे देश की चेतना में बुद्ध और यीशू की तरह जीवित हैं।**

नई दिल्ली, 21 दिसंबर। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम से गांधी का नाम हटाने को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने इसे महात्मा गांधी की दूसरी हत्या करार दिया है। उन्होंने कहा कि संसद से पारित नए कानून के जरिए न सिर्फ गांधी की स्मृति को मिटाने की कोशिश की गई है, बल्कि ग्रामीण गरीबों के अधिकारों पर भी सीधा प्रहार हुआ है।

चिदंबरम ने कहा कि 18 दिसंबर को संसद ने विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक पारित किया, जो 20 साल पुराने मनरेगा कानून की जगह लेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बदलाव बिना पर्याप्त चर्चा के किया गया और इससे ग्रामीण रोजगार की कानूनी गारंटी कमजोर हो गई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी इस कानून का लगातार विरोध करेगी। हालांकि आज ही यानी रविवार को राष्ट्रपति ने इस बिल को मंजूर भी कर दिया है।

चिदंबरम ने कहा कि महात्मा गांधी की पहली हत्या 30 जनवरी 1948 को हुई थी और अब उनकी स्मृति को फिर से खत्म करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि गांधी और नेहरू को सरकारी आदेशों से नहीं मिटाया जा सकता, वे देश की चेतना में बुद्ध और यीशु की तरह जीवित हैं।

चिदंबरम ने कहा कि मनरेगा एक मांग आधारित अधिकार था। अगर कोई काम मांगता था तो सरकार कानूनी रूप से उसे काम देने के लिए बाध्य थी। नए कानून में यह अधिकार खत्म हो गया है और अब सरकार की मर्जी से काम दिया जाएगा। इससे ग्रामीण गरीब, दिहाड़ी मजदूर और महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित होंगी।

चिदंबरम ने नए कार्यक्रम के नाम पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी अक्षरों में लिखे गए हिंदी नाम दक्षिण भारत के ग्रामीणों के लिए समझना मुश्किल है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब यह योजना पूरे देश में लागू नहीं होगी, बल्कि केवल केंद्र द्वारा तय किए गए जिलों तक सीमित रह जाएगी।

पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि पहले केंद्र सरकार मजदूरी का पूरा खर्च उठाती थी और सामग्री लागत का 75 प्रतिशत देती थी। नए कानून में राज्यों पर ज्यादा बोझ डाला जा रहा है। बजट आवंटन लगातार घट रहा है। चार साल पहले जहां 1.11 लाख करोड़ रुपये थे, अब यह 65 हजार करोड़ तक आ गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर राज्यों के पास पैसा नहीं हुआ तो योजना जमीन पर लागू ही नहीं हो पाएगी।

## महाराष्ट्र निकाय चुनाव में महायुति की विजय

मुंबई, 21 दिसंबर। महाराष्ट्र में आए 288 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के परिणामों ने महायुति को राज्य की अविवादित शक्ति बना दिया है। कुल 288 निकायों में से महायुति ने 215 पर कब्जा किया है, जिसमें भाजपा 129, एकनाथ शिंदे की शिवसेना 51 और अजित पवार की एनसीपी 35 निकायों के साथ अग्रणी हैं। इसके विपरीत, महा विकास अघाड़ी (एमवीए) मात्र 51 निकायों पर सिमट गई है, जिसमें कांग्रेस (35) ने उद्धव सेना (9) और शरद पवार की एनसीपी (7) की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है।

■ **कुल 288 निकायों में से भाजपा ने 129, एकनाथ शिंदे ने 51 तथा अजित पवार ने 35 पर विजय प्राप्त की।**

कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने अपनी हार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भारतीय सांख्यिकी संस्थान पर आरएसएस का प्रभाव बढ़ा- राहुल गांधी

### लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि शिक्षा संस्थान विचारधारा से नहीं ज्ञान-विज्ञान से चलने चाहिए

■ **कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि संसद सत्र के दौरान आईएसआई के छात्रों ने उनसे मुलाकात यह चिंता जताई थी कि अकादमिक फैसलों में आरएसएस का दखल बढ़ रहा है।**

नई दिल्ली, 21 दिसंबर। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई) को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई) पर धीरे-धीरे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का संस्थागत प्रभाव बढ़ रहा है। उनका कहना था कि शिक्षा संस्थान किसी विचारधारा से नहीं, बल्कि ज्ञान और विज्ञान से चलने चाहिए। राहुल गांधी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आईएसआई के छात्रों से हुई मुलाकात का एक वीडियो अपने वाट्सऐप पर साझा किया।

ज्ञातव्य है कि यह बातचीत संसद परिसर में उनके ‘जन संसद’ कार्यक्रम के तहत हुई थी, जिसमें वे अलग-अलग वर्ग के लोगों से मिलते हैं। राहुल गांधी ने बताया कि आईएसआई के छात्रों ने वही चिंताएं जताईं, जो देश के दूसरे शिक्षण संस्थानों के छात्र और शिक्षक पहले से उठाते आ रहे हैं। छात्रों का कहना है कि आईएसआई में अब अकादमिक फैसलों में आरएसएस का दखल बढ़ रहा है।

इस दौरान राहुल गांधी ने इस बात पर भी जोर दिया कि आईएसआई कोई साधारण संस्थान नहीं है। यह संस्थान आंकड़े, गणित, अर्थशास्त्र, डेटा साइंस, कंप्यूटर साइंस और नीति निर्माण जैसे क्षेत्रों में उच्च स्तरीय शोध करता है और देश को विश्वस्तरीय विशेषज्ञ देता रहा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि जिन अकादमिक परिषदों को शिक्षाविदों द्वारा चलाया जाना चाहिए, वहां अब नौकरशाही और विचारधारा का हस्तक्षेप हो रहा है। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम और रिसर्च पर भी आरएसएस की विचारधारा थोपने की कोशिश की जा रही है।

राहुल गांधी ने आगे इसे शिक्षा सुधार नहीं, बल्कि शिक्षा और संस्थानों को कमजोर करने की साजिश बताया। राहुल गांधी का कहना है कि इससे युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है और आगे चलकर इन संस्थानों का निजीकरण या उनकी संपत्तियों को बेचने की तैयारी की जा सकती है।

राहुल गांधी ने साफ कहा कि यह हमला सिर्फ संस्थानों पर नहीं, बल्कि देश की बौद्धिक आज़ादी, वैज्ञानिक सोच और युवाओं के भविष्य पर है। उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस इसे किसी भी हालत में होने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा को आज़ादी चाहिए और देश के संस्थान ज्ञान, विज्ञान और स्वतंत्र सोच से चलने चाहिए, न कि किसी भी विचारधारा से।

## हरियाणा की सायबर क्राइम थाना टीम रिश्वत की राशि के साथ पकड़ी गई

जयपुर, 21 दिसम्बर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की अजमेर टीम ने कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना साइबर क्राइम सिरसा, हरियाणा, के उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार एवं पुलिस स्टाफ के अन्य सदस्यों को छह लाख रुपये की अवैध राशि सहित पकड़ा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ब्यूरो में गोपनीय जानकारी प्राप्त हुई कि हरियाणा पुलिस का स्टाफ हरियाणा में दर्ज साइबर क्राइम के मुकदमे के अनुसंधान एवं आरोपियों की तलाश के लिए आया हुआ है एवं प्रकरण में संदिग्ध लोगों को डरा धमकाकर अवैध रूप से रिश्वत राशि प्राप्त कर वाहन संख्या एचआर 24 जीवी 2222 से हरियाणा जा रहा है।

■ **भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने कुचामन सिटी में चैकिंग के दौरान हरियाणा के उपनिरीक्षक व पुलिस स्टाफ को 6 लाख रूपए की अवैध नकदी के साथ पकड़ा।**

एसीबी अजमेर की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना भाटी के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुये जिला डीडवाना-कुचामन में पुलिस थाना कुचामन सिटी के क्षेत्र त्रिशिंगिंया में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दिल्ली में प्रदूषण रविवार को 400 से अधिक

नयी दिल्ली, 21 दिसंबर। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में रविवार सुबह भी वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गंभीर श्रेणी में बना रहा। शहर के कई प्रमुख इलाकों में सुबह के समय एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया।

■ **शनिवार को कई इलाकों में एक्यूआई 500 से अधिक हो गया था।**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, अक्षरधाम, आईटीओ, गाजीपुर और आनंद विहार इलाकों में एक्यूआई 438 दर्ज हुआ।

बारापुला फ्लाईओवर पर एक्यूआई 382 और धौला कुआँ पर 397 रहा, जो दोनों बहुत खराब श्रेणी में आते हैं। शनिवार की तुलना में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुप्रीम कोर्ट की परिभाषा से अरावली का 90 प्रतिशत हिस्सा सुरक्षित क्षेत्र में आयेगा- भूपेंद्र यादव

### पिछले दिनों से बड़े स्तर पर चर्चा है कि परिभाषा बदलने से बड़े पैमाने पर खनन की अनुमति दी जा सकेगी

■ **केन्द्र सरकार ने कहा कि अरावली के लिए असली खतरा अवैध व अनियंत्रित खनन है। इसे रोकने के लिए कड़ी निगरानी, प्रवर्तन तथा ड्रोन जैसी तकनीक के इस्तेमाल की सिफारिश की है।**

नई दिल्ली, 21 दिसंबर। दुनिया की सबसे प्राचीन पर्वत शृंखलाओं में से एक, अरावली पर्वत शृंखला इन दिनों खूब चर्चा में है। रविवार को केन्द्र सरकार ने उन रिपोर्टों को खारिज किया, जिनमें कहा गया था कि अरावली की परिभाषा बदल दी गई है ताकि बड़े पैमाने पर खनन की अनुमति दी जा सके। सरकार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने इस क्षेत्र में नए खनन लीज पर रोक लगाई हुई है। मामले में पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी वाली नई परिभाषा के अनुसार, अरावली क्षेत्र का 90 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा सुरक्षित क्षेत्र में आएगा।

ज्ञातव्य है कि बीते दिनों इन पर्वतों के पास खनन की घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका डाली गई। इस पर केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में एक जवाब दाखिल किया। इसी जवाब के बाद से देशभर में कुछ ऐसे घटनाक्रम हुए हैं, जिन्हें लेकर अरावली शृंखला चर्चा के केंद्र में आ गई। इतना ही नहीं अरावली के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर “सेव अरावली कैंपेन” यानी अरावली बचाओ अभियान चल पड़ा है।

मामले में सरकार ने साफ किया कि अरावली की परिभाषा राज्यों में प्रमाणित की गई है ताकि किसी प्रकार का गलत इस्तेमाल न हो। इससे पहले, अलग-अलग राज्य खनन की अनुमति देते समय अलग-अलग नियम अपनाते थे।सरकार के अनुसार, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात में कानूनी खनन बहुत ही छोटे हिस्से में होता है, केवल 0.19 प्रतिशत। दिल्ली में खनन की अनुमति नहीं है। केंद्र ने बताया कि अरावली के लिए असली खतरा अवैध और अनियंत्रित खनन है। इसे रोकने के लिए समिति ने कड़ी निगरानी, प्रवर्तन और ड्रोन जैसी तकनीक का इस्तेमाल करने की सिफारिश की है।

सुप्रीम कोर्ट ने मई 2024 में एक समिति बनाई थी, जिसमें राजस्थान, हरियाणा, गुजरात और दिल्ली के प्रतिनिधि शामिल थे। इस समिति का काम था कि अरावली की एक समान परिभाषा तय की जाए। समिति ने पाया कि केवल राजस्थान का ही 2006 से एक स्थायी नियम था, जिसमें कहा गया है कि 100 मीटर या उससे ऊंचे भूमि स्वरूप को पहाड़ी माना जाएगा और उसकी न्यूनतम सीमा के अंदर खनन प्रतिबंधित होगा। ऐसे में अब सभी चार राज्य राजस्थान के इस नियम को अपनाएंगे और कुछ अतिरिक्त सुरक्षा उपाय भी होंगे। इसके तहत 500 मीटर के भीतर आने वाली पहाड़ियों को एक ही श्रृंखला माना जाएगा। खनन की अनुमति देने से पहले भारतीय सर्वेक्षण के नक्शों पर पहाड़ियों और उनकी श्रृंखलाओं का नक्शा बनाना अनिवार्य होगा और कोर और अविनाशी क्षेत्र की पहचान करना होगा, जहां खनन पूरी तरह से प्रतिबंधित होगा। सरकार ने बताया कि यह गलत है कि केवल 100 मीटर से ऊंची जगहों पर खनन पर रोक है। पूरे पहाड़ी क्षेत्र और उसके चारों ओर की भूमि पर रोक लागू होगी।

गौरतलब है कि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने समिति की सिफारिशों को मान्यता दी। इसके अनुसार, कोर और अविनाशी क्षेत्रों, संरक्षित क्षेत्रों, इको-सेंसिटिव जोन, टाइगर रिजर्व, वेटलैंड्स और उनके आसपास खनन पर पूरी तरह रोक रहेगी। केवल कुछ विशेष, राष्ट्रीय महत्व के खनिजों के लिए ही सीमित छूट होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि अरावली क्षेत्र में नई खनन लीज़ तब तक नहीं दी जाएगी जब तक भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद द्वारा सतत खनन प्रबंधन योजनातैयार नहीं हो जाती।

## विचार बिन्दु

पूरे यत्न से इतिहास की रक्षा करनी चाहिए, इतिहास और अपना प्राचीन गौरव नष्ट कर देने से विनाश निश्चित है। –महाभारत

# साहित्य और कृत्रिम बुद्धिमत्ता

इधर साहित्य की दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने बड़ी हलचल पैदा कर रखी है। बहुत सारे लेखकों और साहित्यानुरागियों को लगता है कि यह एक नई महामारी है जो कुछ समय में सब कुछ को ख़त्म कर देगी। लेखक के पास लिखने-करने को कुछ रहेगा नहीं और पाठक को जो भी मिलेगा वह सब कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा रचित होगा। ऐसा मानने वाले बहुत सारे लोग ऐसे हैं जिन्होंने केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नाम सुना है और जिन्हें अभी तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न पक्षों को जानने समझने का मौका नहीं मिला है। आज जो प्रतिक्रिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर हो रही है, कुछ-कुछ वैसी ही प्रतिक्रिया कुछ दशक पहले कम्प्यूटर को लेकर भी हुई थी। लेकिन हम पाते हैं कि वे आशंकाएं अधकचरी थीं और आज स्थिति यह है कि कम्प्यूटर हमारी ज़िंदगी का ज़रूरी हिस्सा बन गया है और उसने हमें जितना नुकसान पहुंचाया है उससे ज़्यादा सुविधाएं भी हमें प्रदान की हैं। यह तो समय ही बताएगा कि क्या इतिहास अपने आप को दुहराएगा, अभी तो हम थोड़ा गहराई में जाकर यह विचार कर सकते हैं कि जितनी जानकारी अभी हमें सुलभ है उसके अनुसार कृत्रिम बुद्धि साहित्य को कैसे प्रभावित करने जा रही है। यहीं यह बात भी ध्यान में रखी जानी चाहिए कि तकनीक बहुत तेज़ी से बदल और विकसित हो रही है, इसलिए यह भविष्यवाणी करना कि कल, या अगले कुछ वर्षों में ऐसा हो जाएगा, ख़तरे से खाली नहीं है। बहुत सम्भव है कि कल तकनीक कोई और ही रूप ले ले।

अभी साहित्य से जुड़े लोग इस बात को लेकर आशंकित हैं कि भविष्य में कविता, कहानी, उपन्यास सब कुछ कृत्रिम बुद्धि रच देगी। यह आशंका एकदम तो निर्मूल नहीं है। अभी जितने साधन हमें सुलभ हैं उनके द्वारा भी ऐसा किया जाना सम्भव हो चुका है। आप कृत्रिम बुद्धि के किसी टूल को ठीक से निर्देश (कमाण्ड) दें तो पलक झपकते ही आपके सामने तदनुरूप रचित 'चीज़' हाज़िर हो जाएगी। आप चैटजीपीटी को कविता लिखने का आदेश दे सकते हैं और आपको कविता मिल जाएगी। आप कुछ बिंदु दें तो कहानी भी मिल सकती है, और कदाचित उपन्यास भी। अब अगर मैं इस तरह से कुछ रच कर अपने नाम से प्रकाशित करवा लूं तो? मैं तो बग़ैर रचनात्मक प्रतिभा के रचनाकार बन जाऊंगा। क्या पता उस निर्मिति को कोई पुरस्कार भी मिल जाए! वह रचना मेरी नहीं है, यह दावा कौन करेगा? कृत्रिम बुद्धि तो दावा करने आएगी नहीं! इसे नैतिक प्रश्न भी मान सकते हैं! अभी तो कॉपीराइट कानून में भी इस समस्या का कोई समाधान नहीं है, क्योंकि कानून पहले बना था, समस्या बाद में उत्पन्न हुई है। यह भी सोचिये कि पहले जिस तरह बहुत सारे प्रकाशक छद्म लेखन करवाते थे क्या वैसे ही अब बहुत सारे प्रकाशक कृत्रिम लेखन नहीं करवाने लग जाएंगे? अख़बार और पत्र पत्रिकाओं के संपादक भी लेखक पर निर्भर रहने की बजाय 'आत्म निर्भर' नहीं हो जाएंगे? इसका ॲसर जहां लेखकों की आजीविका, उनकी महत्ता और उनकी रचनात्मकता पर पड़ेगा, वहीं वे लोग जो साहित्य से वैचारिक ऊर्जा ठाहण करते हैं, उनकी भी तो हानि होगी।

लेकिन ये सब तो नकारात्मक बातें हैं। क्या कृत्रिम बुद्धि से साहित्य का और साहित्यकारों का कोई भला नहीं होगा? कल्पना कीजिए कि आप एक उपन्यास लिखना चाहते हैं। एक स्थूल-सी रूपरेखा आपके मन में है। आप उसी रूपरेखा को विकसित करके एक उपन्यास बनाना चाहते हैं और इसके लिए कृत्रिम बुद्धि से मदद मांगते हैं। आपको कुछ बिंदु सुझा दिए जाते हैं। आप उन्हें विकसित करके कथा का रूप देते हैं। आपका श्रम कुछ कम हो गया है और इसका लाभ आप अपनी कथा को संवारने में उठाते हैं। यह तो बुरी बात नहीं है। मनुष्य अपने श्रम को बचाने के लिए बहुत सारे प्रयास हमेशा ही करता रहा है। कल तक हम पहाड़े रटते थे आज वही काम कैलक्युलेटर से करा लेते हैं। इसी तरह अगर आप अपने सोचने का कुछ बोझ कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर डाल देते हैं तो मुझे इसमें कोई बुराई नज़र नहीं आती। आप एक कहानी लिखते हैं और आपको समझ नहीं आ रहा कि उसका अंत कैसे किया जाए! आप कृत्रिम बुद्धिमत्ता से सुझाव मांगते हैं और फिर उसके द्वारा दिये गए सुझावों में से किसी सुझाव को आधार बना कर अपनी कहानी को पूर्णता की तरफ ले जाते हैं, तो इसमें कोई बुराई नहीं है। सारी बात का सार यह कि आप कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग सहायता के लिए करें, न कि पूरी तरह उसी पर निर्भर हो जाएं। ऐसा करना पूरी तरह आपकी नैतिकता पर निर्भर करेगा।

**अब से कुछ बरस पहले मशीनी अनुवाद हम सबके लिए हास्य और उपहास का विषय हुआ करता था, क्योंकि मशीन से हासिल किए गए अनुवाद अटपटे और ख़ासे मनोरंजक होते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब मशीनी अनुवाद लगभग निर्दोष होते हैं। रोज़मर्रा के काम की अभिव्यक्तियां बहुत अच्छी तरह से एक से दूसरी भाषा में रूपांतरित हो जाती हैं। बेशक मनुष्य अभी भी उत्कृष्ट है, लेकिन अब मशीनी अनुवाद भी निकृष्ट नहीं रह गया है। तो इसी तरह सर्जनात्मकता के क्षेत्र में भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकास करेगी, यह माना जा सकता है।**

शायद हममें से बहुतों को इस बात की जानकारी नहीं है कि ये पंक्तियां लिखते समय भी हमारी अपनी भाषा में ऐसे अनेक टूल सुलभ हो गए हैं जो साहित्य सृजन में मददगार हैं। उदाहरणार्थ एक टूल है शायर एआई जिसे हिंदी कविताओं के डेटाबेस पर तैयार किया गया है और इसकी मदद लेकर आप पारंपरिक हिंदी-उर्दू शैली में शेर वगैरह तैयार कर सकते हैं। इसी का एक और रूप हिंदी शायरी जनरेशन मॉडल्स भी है जो पारंपरिक शैली की ग़ज़ल तैयार कर सकता है। इसी तरह एक टूल है एआईपोयम जनरेटर जहां आप कोई विषय देकर कविता लिखवा सकते हैं। आप कहें कि मुझे प्रेम पर कविता चाहिए, तो यह टूल आपको एक भावनात्मक कविता बनाकर दे देगा। उसमें आप कोई सुधार चाहेंगे तो यह सुधार भी कर देगा। इससे यह न समझ लें कि एआई केवल कविता और शायरी ही कर सकता है, राइट क्रीम्स स्टोरी जनरेटर बच्चों के लिए ऐसी कहानी तैयार करके दे देता है जो सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और नैतिकता का संदेश देने वाली हो। पैराफ्रेस टूल का शॉर्ट स्टोरी जनरेटर भी छोटी कहानियां तैयार कर देता है। जानकारों का कहना है कि बहुत सारे लेखक, जो तकनीक के मामले में अग्रगामी हैं, चैटजीपीटी, जैस्परएआई या ग्रोक की मदद लेकर कभी कहानी का प्लॉट प्राप्त कर रहे हैं या कभी उसका विकास कर रहे हैं या कभी अपने लिखे को परिष्कृत कर रहे हैं। अनुवाद के मामले में तो एआई की मदद अब सर्व स्वीकार्य है।

निश्चय ही अभी कृत्रिम बुद्धिमत्ता हिंदी में काम करने में उतनी दक्ष नहीं है जितनी दक्ष वह अंग्रेज़ी या कुछ अन्य भाषाओं में काम करने में है। इसलिए स्वभावतः हम हिंदी वाले उससे अधिक लाभ नहीं ले पा रहे हैं। यह बताने की ज़रूरत नहीं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता को भी बाकायदा प्रशिक्षित किया जाता है। मज़ाक में कहूं तो यह कि अभी उसने हिंदी ठीक से सीखी नहीं है। लेकिन अगर हम चाहेंगे तो वह जल्दी ही सीख जाएगी। इस बात का बहुत बढ़िया उदाहरण अनुवाद की दुनिया से दिया जा सकता है, अब से कुछ बरस पहले मशीनी अनुवाद हम सबके लिए हास्य और उपहास का विषय हुआ करता था, क्योंकि मशीन से हासिल किए गए अनुवाद अटपटे और ख़ासे मनोरंजक होते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब मशीनी अनुवाद लगभग निर्दोष होते हैं। रोज़मर्रा के काम की अभिव्यक्तियां बहुत अच्छी तरह से एक से दूसरी भाषा में रूपांतरित हो जाती हैं। बेशक मनुष्य अभी भी उत्कृष्ट है, लेकिन अब मशीनी अनुवाद भी निकृष्ट नहीं रह गया है। तो इसी तरह सर्जनात्मकता के क्षेत्र में भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकास करेगी, यह माना जा सकता है।

मेरा सोच तो यह है कि हमें अनावश्यक और अतार्किक आशंकाओं से बचना चाहिए। तकनीक का विकास हमेशा ही नुकसानदायक नहीं होता है। और सारी बात का सार तो यह है कि आप उसे कैसे बरतते हैं! आप उससे सहायता लेते हैं और उस प्राप्त सहायता को अपनी बुद्धि के स्पर्श से परिष्कृत करते हैं तो यह बहुत अच्छी बात है। लेकिन अगर आप एकदम निठल्ले हो जाएं और सब कुछ कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर ही छोड़ दें तो ऐसा करना आपकी ग़लती होगा और इसके लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता को दोष नहीं दिया जाना चाहिए। जैसा मैंने प्रारम्भ में कहा, तकनीक बहुत तेज़ी से परिवर्तित और विकसित हो रही है, अतः आने वाला समय ही बताएगा कि वह क्या रूप लेती है।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# अमानक दवाओं से जीवन से खिलवाड़



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

भले ही यह दावा किया जाता है कि दवाओं की जांच के लिए जो सेंपल लिए जाते हैं उनमें से केवल 3 प्रतिशत दवाएं निर्धारित मानकों पर खरी नहीं उतरती पर हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि दवा के एक भी नमूने में निर्धारित मात्रा व संयोजन में कंपोनेंट नहीं है तो यह स्वीकार नहीं होनी चाहिए। पिछले कुछ माहों के समाचारों का ही विष्लेषण किये जाये तो मध्यप्रदेश राजसथान सहित देश के कई हिस्सों में खांसी की दवा के चलते बच्चों की जान ना केवल सांसत में आई बल्कि कुछ बच्चों को तो जिंदगी से हाथ धोना पड़ा। हांलाकि लीपापोती के नाम पर यह सफाई दी गई कि दवा डाक्टर ने नहीं लिखी थी या चिकित्सालय से दवा नहीं दी गई थी। सवाल यह है कि अमानक दवाएं तैयार कर जीवन से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई नहीं होना उनके हौसले को ही बढ़ाती है। माना जाता है कि नकली पेस्टीसाइड बनाने व बेचने वालों के लिए सख्त सजा का प्रावधान है तो फिर दवाओं के सेंपल फेल हो जाने पर उस बेच की दवाओं को बाजार से हटाने की बात तो कर दी जाती है पर किसी दवा निर्माता को दवाओं के सेंपल विफल होने पर सजा मिलने के समाचार लगभग दिखाई ही नहीं देते।

गत पांच सालों में 14 हजार से अधिक दवाओं के सेंपल विफल हुए हैं। मजे की बात यह है कि इनमें से अधिकांश बुखार, खांसी के साथ ही ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी गंभीर बीमारी के भी है। अब कल्पना की जा सकती है कि बीपी या शुगर के बीमार पर अमानक दवाओं का क्या असर होता होगा या हो सकता है। सामान्य से गंभीर बीमारी की दवाओं के सेंपल विफल होना इस बात का साफ संकेत है कि दवा निर्माताओं में ना तो मरीजों के प्रति गंभीरता है और ना ही किसी कानूनी कार्रवाई का डर। यह तो वह आंकड़ें है जो सामने आ जाते हैं नहीं तो बाजार में आने वाली दवाओं के सभी के सभी बैच के सेंपल जांच के लिए लेना या जांच करना संभव भी नहीं तो व्यावहारिक भी नहीं लगता। ऐसे में अमानक पाये जाने पर कठोर कार्रवाई लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वालों में भय व सबक सीखा सकती है।

दवाओं के निर्धारित मानकों पर खरी नहीं उतरने के साथ ही जीवनदायिनी दवाओं के तेजी से बेअसर होना भी एक समस्या होती जा रही है। इसका एक बड़ा कारण जहां एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक सेवन है तो दूसरा कारण दवाएं लेने के तौरतरीके से अनविज्ञ होना या फिर जानबुझकर लावपरवाही बरतने के साथ ही खान पान से जुड़ी गलतियां भी है। डॉक्टरों की भाषा में बात करें तो एएमआर यानी कि एंटी माइक्रोबाइल रेजिस्टेंस का चिंतनीय खतरा हो गया है। देश-विदेश के चिकित्सक एएमआर को वैश्विक महामारी का नाम देने लगे हैं। देखा जाए तो आज सबसे अधिक मौत का कारण दवाओं का बेअसर होना है। कोरोना के बाद तो एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग बहुत अधिक बढ़ा है। दरअसल कोरोना के बाद जहां एक और आम व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति अत्यधिक सजग हुआ है तो एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग भी बढ़ा है।

सर्दी, जुकाम, खांसी आदि वायरल बीमारियों में यदि भारत की बात की जाए तो 95 प्रतिशत तक एंटीबायोटिक दवाओं को ईलाज में शामिल किया जा रहा है। यह 95 प्रतिशत का आंकड़ा अतिशयोक्ति पूर्ण भले ही हो सकता है पर इसमें कोई दो राय नहीं कि चिकित्सकों द्वारा एंटीबायोटिक दवाएं धडल्ले से लिखी जा रहा है। यह तो तब है जब मेडिकल से जुड़े विभिन्न मंचों व शोध निष्कर्षों में यह खुलासा हो चुका है कि एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग स्वास्थ्य को नुकसान ही पंहुचाने लगा है तो दूसरी और बैक्टिरिया में प्रतिरोधी क्षमता विकसित होने से दवाओं का असर कम होने लगा है।

दवाओं के तेजी से बेअसर होने को लेकर देष-दुनिया के स्वास्थ्य विशेषज्ञ अत्यधिक चिंता में हैं। मेडिकल से जुड़े जर्नल द लैसेंट में इस संबंध में एक के बाद एक चेतावनी भरे लेख सामने आ रहे हैं। यहां तक कि एएमआर को मेडिकल इंमरजेंसी के रुप में देखा जाने लगा है। दरअसल कोरोना के बाद लोग थोड़ा सा स्वास्थ्य खराब होते ही डॉक्टर की शरण में जाने को वरियता देने लगे है। यह अच्छी बात भी है पर जिस तरह से कोरोना के दौरान और उसके बाद एंटीबायोटिक का उपयोग अधिक बढ़ा है वह चिंतनीय हो गया है। हालात यहां तक हो गए हैं कि प्रति व्यक्ति 30 प्रतिषत अधिक मात्रा में एंटीबायोटिक का उपयोग होने लगा है। दवाओं का बेअसर होने का सीधा सीधा असर किडनी, लीवर, ब्रैन, हार्ट आदि प्रभावित होने लगे हैं। इन गंभीर बीमारियों में एंटीबायोटिक दवाओं का असर कम होने लगा है।

इसे सकारात्मक ही माना जाएगा कि आज लोग स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग हुए हैं। जरा सा स्वास्थ्य गड़बड़ाने लगते ही लोग दवाओं का सहारा लेना आरंभ कर देते हैं। ऐसे में दवाओं की गुणवत्ता और मानकों पर खरी होना अधिक आवश्यक हो जाता है। दूसरी और अत्यधिक एंटिबायोटिक लिखने और सेवन को भी नियंत्रित किया जाना जरुरी हो जाता है। ऐसा नहीं है कि सरकार इन हालातों से अनजान है बल्कि सरकार गंभीर प्रयास करने के साथ ही सख्त कानूनी प्रावधानों की दिशा में बढ़ रही है। दवाओं के पैकिंग पर असली नकली की पहचान के लिए क्यूआर कोड लगाने जैसी कदम उठा रही हैं पर निर्धारित मानकों पर खरी नहीं उतरने वाले बैच की दवाओं को उपयोग से बाहर करने के सीमित कदम के स्थान पर निर्माता पर सख्त से सख्त कार्रवाई के प्रावधान होने ही चाहिए। ऐसे मामलों में न्यायालयों को भी सख्ती का संदेश देना चाहिए ताकि किसी को अनजाने में किसी की गलती से जीवन से हाथ नहीं धोना पड़े।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# जलवायु परिवर्तन से उपजे संकट
# जब मौसम बदलता है, तो पूरा गांव बदल जाता है



मणिमाला शर्मा

राजस्थान में जलवायु परिवर्तन अब सिर्फ मौसम विभाग की रिपोर्ट का विषय नहीं रहा, यह ठाामीण जीवन की हकीकत बन चुका है। पिछले कुछ वर्षों में राज्य में वर्षा का कुल स्तर थोड़ा बढ़ा है, लेकिन उसका वितरण पूरी तरह असंतुलित हो गया है। मानसून के कुछ ही दिनों में पूरे सीजन जितनी बारिश गिर जाना और फिर लंबे सूखे दौर का सामना करना अब आम बात बन चुकी है। इसी कारण राजस्थान के कई जिलों को एक ही वर्ष में बाढ़ और सूखे दोनों का सामना करना पड़ रहा है।

आंकड़े बताते हैं कि पिछले दशक में औसत तापमान में स्पष्ट वृद्धि हुई है। विशेषकर जून-जुलाई के महीनों में हीटवेव के दिन बढ़ गए हैं। इसका असर खेतों में काम करने के घंटों, फसलों की वृद्धि और पशुओं की सेहत पर साफ दिखाई दे रहा है। पशुपालन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, बढ़ती गर्मी और चारे की कमी के कारण कई इलाकों में दूध उत्पादन में 15 से 20 प्रतिशत तक कमी आई है। प्रदेश की भूजल रिपोर्टें भी दर्शाती हैं कि राजस्थान के लगभग 85 प्रतिशत भूजल ब्लॉक अत्यधिक दोहन की श्रेणी में आ चुके हैं। यानी बारिश होने के बावजूद पानी की स्थायी उपलब्धता अब गंभीर चुनौती बन गई है।

गांवों की जमीनी तस्वीर और भी चिंताजनक है। नाथूबसर (चूरू), पिपलोदी (झालावाड़), सांचौर और चितलवाना (पश्चिमी राजस्थान) जैसे गांवों में किसान अब अपने अनुभव और परंपरागत ज्ञान पर भरोसा नहीं कर सकते। लालचंद पूनिया (नाथूबसर) कहते हैं, पहले सावन में बारिश तय रहती थी, अब कब बरस पड़े और कब गायब हो जाए, कोई भरोसा नहीं। खेती अब किस्मत पर चल रही है। रामकुमार नागर (पिपलोदी) बताते हैं, सात-आठ साल में पहली बार इतना नुकसान देखा। या तो बारिश बंद रहती है या पूरे सीजन जितना पानी एक ही बार में गिर जाता है। पवनसिंह देवड़ा (सांचौर) कहते हैं, पहले आकाश देखकर अंदाजा लगा लेते थे, अब मौसम अचानक बदल जाता है। फसल कितनी बचेगी, पता नहीं।

खेती के संकट के साथ-साथ पशुपालन भी गहरी चुनौती बन चुका है। नागौर, बाड़मेर और चूरू में घास की कमी, अनियमित बारिश और तेज गर्मी ने पशुओं की सेहत प्रभावित की है। दूध उत्पादन घटा है और कई छोटे पशुपालक अपने पशुओं की संख्या कम करने को मजबूर हो गए हैं। मदनलाल नाई (रतनगढ़, चूरू) बताते हैं, पहले चारागाह हरे रहते थे। अब बारिश कम या अचानक ज्यादा होने से घास ठीक से नहीं उगती। बाहर से चारा खरीदना पड़ता है। इससे लागत बढ़ रही है और आमदनी घट रही है।

इस बार राजस्थान के दक्षिणी जिलों, जैसे उदयपुर और गोगुंदा, में बारिश अच्छी हुई है, लेकिन तेज बारिश और मिट्टी कटाव ने चरागाहों और छोटे तालाबों को प्रभावित किया है। इसका असर पशुपालन और मवेशियों की संख्या पर साफ दिखाई दे रहा है। किसानों का कहना है कि यह असमान वितरण उनकी आर्थिक सुरक्षा को डगमगा रहा है।

जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा, लेकिन अदृश्य असर महिलाओं पर पड़ रहा है। राज्य में पीने के पानी की समस्या पहले से ही भयावह है। ऐसे में बाड़मेर, जैसलमेर और टोंक में महिलाएं पहले से ज्यादा दूरी तय कर पानी ला रही हैं। पशुधन के चारे की दिक्कत और रोजगार की कमी ने पुरुषों का पलायन बढ़ा दिया है। इसके कारण खेत और घर दोनों की जिम्मेदारी महिलाओं पर आ गई है। कमला देवी (उनियारा, टोंक) कहती हैं, पहले एक चक्कर में पानी मिल जाता था। अब दो-तीन बार जाना पड़ता है। गर्मी बढ़ने से यह काम और मुश्किल हो गया है।

बार-बार खराब होती फसलें, बढ़ती लागत और घटती पैदावार ने किसानों को कर्ज और मानसिक दबाव के दायरे में ला दिया है। झालावाड़ और कोटा के किसान बताते हैं कि एक खराब सीजन अगले साल को संभालना मुश्किल बना देता है। हेमराज मीणा (झालावाड़) कहते हैं, कर्ज पहले भी था, लेकिन अब डर बढ़ गया है। मौसम कब साथ छोड़ दे, कोई नहीं जानता।

राजस्थान में पानी की स्थिति समय के साथ और अधिक गंभीर होती जा रही है। कई जिलों में अच्छी बारिश के बावजूद भूजल स्तर में स्थायी सुधार नहीं हो पा रहा है। तालाब, जोहड़ और पारंपरिक जल संरचनाएं कमजोर हो रही हैं। इसका असर सीधे गांव की महिलाओं और बच्चों पर पड़ता है। स्थानीय स्तर पर कुछ पंचायतें तालाब, जोहड़ और चेक डैम बनाकर जल संचयन कर रही हैं। रेनवाटर हार्वेस्टिंग, ड्रिप सिंचाई और फसल विविधीकरण के प्रयास भी शुरू हो रहे हैं। फिर भी योजनाओं का लाभ सीमित है।

राजस्थान का ग्रामीण परिदृश्य साफ संकेत देता है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चेतावनी नहीं, बल्कि वर्तमान का संकट है। मौसम बदल चुका है। अब हमारी सोच, नीति और तैयारी को भी उसी के अनुसार बदलना होगा।

**–मणिमाला शर्मा,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

# अच्छा साहित्य समाज में पथ प्रदर्शक की भूमिका निभाता है : राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े

**■ अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान समारोह में साहित्यकार रवि पुरोहित को राज्यपाल बागड़े ने सम्मानित किया**

**बीकानेर,** (निसं)। पीएमश्री अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लालसोट में आयोजित अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि अच्छा साहित्य समाज में पथ प्रदर्शक की भूमिका निभाता है और विद्रूपताओं को मिटाता है। साहित्य को समाज का दर्पण कहा गया है, जो समाज को नई दिशा एवं सोच देता है। यह समाज को सोचने पर मजबूर करता है। उन्होंने साहित्य के भाव को स्पष्ट करते हुए कहा कि साहित्य में सबका हित निहित होता है। इसका मूल तत्व सबका हित साधना है। उन्होंने कबीर एवं रहीम के साहित्य के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से समाज सुधारने का संदेश दिया, जो रूढियों एवं बुराइयों का प्रतिकार करता है। उन्होंने मैथिली शरण गुप्त एवं वाल्मीकि की ओर से साहित्य के माध्यम से समाज को दिए योगदान का भी जिक्र किया।


उन्होंने कहा कि देश की आजादी से पहले विदेशियों ने हमारे देश का काफी झूठा इतिहास भी लिखा है, जिसे सुधारने की जरूरत है। उन्होंने इसे आधुनिक साहित्यकारों की जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि आप ऐसे विकृत इतिहास को खोजें और सुधारें। इससे पूर्व राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े एवं अन्य अतिथियों ने अनुराग सेवा संस्थान के 31 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित अखिल भारतीय अनुराग साहित्य अलंकरण समारोह में बीकानेर के साहित्यकार रवि पुरोहित को उनकी काव्य कृति 'आग अभी शेष है' के लिए शकुंतला देवी रावत स्मृति अनुराग साहित्य सम्मान सहित विभिन्न राज्यों से चयनित 31 साहित्यकारों को शॉल, सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर रवि पुरोहित ने कहा कि पुरस्कार व सम्मान साहित्यकार की सामाजिक जिम्मेदारी का विस्तार करते हैं। साहित्य मनुष्य को केवल मनोरंजन नहीं देता, यह मानसिक व बौद्धिक विकास का सूत्र बीज और विद्रूप के प्रतिकार हेतु चेतना का अमोघ अस्त्र सौंपता है। संवेदना का विकास नव समाज के निर्माण में साहित्य की सबसे बड़ी देन है।

# शिविर में वर्षों पुरानी समस्या सुलझी

**■ रास्ता लंबे समय से प्रचलन में था, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में कटान दर्ज नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था**

**सीकर,** (निसं)। ग्राम पंचायत मुख्यालय शाहपुरा, तहसील धोद में आयोजित ग्रामीण समस्या समाधान शिविर-2025 ग्रामीणों के लिए आशा और राहत की किरण बनकर सामने आया। वर्षों से चली आ रही एक गंभीर समस्या, जो रोज़मर्रा के जीवन को प्रभावित कर रही थी, उसका समाधान इस शिविर में कुछ ही मिनटों में हो गया। ग्राम शाहपुरा के लगभग 25-30 परिवारों के लिए एक रास्ता जीवनरेखा के समान था। यह रास्ता लंबे समय से प्रचलन में था, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में कटान दर्ज नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। कई बार प्रयासों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। शिविर के दौरान मूलचन्द पुत्र भूराराम, छोटु पुत्र धुकलराम सहित लगभग 20 ग्रामीणों ने अपनी समस्या शिविर प्रभारी के समक्ष रखी। हल्का पटवारी मूलचन्द जाट ने मौके पर ही निरीक्षण कर मात्र 15 मिनट में रास्ते का प्रस्ताव तैयार कर दिया। तहसीलदार धोद भरतदान द्वारा प्रस्ताव को तुरंत स्वीकार कर लिया गया। इस त्वरित कार्यवाही से ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। जिस समस्या ने वर्षों तक परेशान किया, उसका समाधान एक ही शिविर में हो जाना सरकार की जन समस्या समाधान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ग्रामीणों ने इस सफल पहल के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं क्षेत्रीय विधायक गोवर्धन वर्मा का आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित होते रहेंगे, जिससे आमजन की समस्याओं का समाधान समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से हो सके।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 22 दिसम्बर, 2025**

पौष मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र मंगलवार प्रातः 5:32 तक, ध्रुव योग सायं 4:40 तक, कौलव करण दिन 10:52 तक, चन्द्रमा आज प्रातः 11:07 से मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-धनु, मंगल-धनु, बुध-वृश्चिक, गुरू-मिथुन, शुक्र-धनु, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज से राष्ट्रीय पौष मास आरम्भ होगा। रज्जब मु.मास 7 आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** अमृत सूर्योदय से 8:33 तक, शुभ 9:51 से 11:08 तक, चर 1:42 से 3:00 तक, लाभ-अमृत 3:00 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:15, सूर्यास्त 5:34 तक

**मेष**
अपने अति व्यावसायिक आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आज धार्मिक-मांगलिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मिथुन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**सिंह**
घर-परिवार में अनावश्यक वाद-विवाद हो सकता है। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**तुला**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। आज आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

**कुंभ**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

## सार-समाचार

### फीस बढ़ोतरी से छात्राओं में रोष

**बाड़मेर**, (कासं)। फीस बढ़ोतरी के विरोध में शनिवार को राजस्थान के बाड़मेर जिले के सबसे बड़े कन्या महाविद्यालय की छात्राओं का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कॉलेज की गेट पर ताला जड़ते हुए सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। कॉलेज की प्राचार्य के साथ साथ पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने समझाईश की, लेकिन छात्राएं इस मांग पर अड़ी रही कि विश्वविद्यालय फीस बढ़ोतरी के निर्णय को तुरंत प्रभाव से वापस ले। छात्राओं ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा और इसे तेज किया जाएगा। इस दौरान कालेज प्राचार्य ने स्टूडेंट की जोधपुर विश्वविद्यालय के कुल गुरु से फोन पर वार्ता भी करवाई लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आए। कॉलेज स्टूडेंट में इस बात का भी रोष व्याप्त किया कि वे पिछले 5 घंटे से धरना प्रदर्शन कर रही है लेकिन जिले की कलेक्टर महिला है, विधायक भी महिला होने के बावजूद भी अब तक किसी ने सुध तक नहीं ली है। कॉलेज छात्राओं का कहना है कि हाल ही में जोधपुर विश्वविद्यालय में एग्जाम फीस में भारी बढ़ोतरी की है। जबकि हर वर्ष एक्जाम फीस 1200 से 1400 के बीच होती है, लेकिन इस वर्ष वह फीस बढ़ाकर 3100 कर दी है, जो पुरानी फीस से 3 गुना ज्यादा है। यह फैसला गरीब एवं मध्यम वर्ग के छात्राओं के साथ अन्याय है। हमारी एक ही मांग है कि फीस बढ़ोतरी की फैसले को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए। कॉलेज प्राचार्य मुकेश पंचोरी ने बताया कि फीस को लेकर छात्राएं धरना प्रदर्शन कर रही है। छात्राओ को वीसी से फोन पर वार्ता करवाई गई है। उन्होंने आश्वासन दिया है की सहानुभूतिपूर्वक इस विषय पर विचार किया जा रहा है। कमेटी गठित की हुई है एक बार मे साढे आठ सौ रुपए एक बार मे कम कर दिए गए है ओर भी कम करने की तैयारी की जा रहे है। शीघ्र ही इस संबंध में निर्णय लेकर अवगत करवाया जाएगा।

### महिला कारागृह में ध्यान दिवस मनाया

**जोधपुर**, (नि.सं.)। अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस पर रविवार को महिला कारागृह जोधपुर में परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी रमेश चन्द्र पंवार के सद्प्रयासों से कारागृह सभागार में ध्यान दिवस का आयोजन किया गया। डॉ. ज्योति प्रताप ने समस्त सृष्टि की सृजनकर्ता एवं जीवनदायिनी स्त्री के माँ स्वरूप का जीवंत प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया। प्राकृतिक साधना केन्द्र की डॉ. मुस्कान सक्सेना ने घरेलू नुस्खों से स्वस्थ रहने की विधियां बताने के साथ-साथ प्राणायाम एवं ध्यान के सरल प्रयोग समझाए तथा उपस्थित महिलाओं को उनका अभ्यास भी करवाया। विधि विशेषज्ञ डॉ. अरुणा टाक ने विधि संहिताओं के आध्यात्मिक एवं धार्मिक पहलुओं के समन्वय से अपराधों में कमी लाने तथा राष्ट्र को अपराध-मुक्त बनाने की अवधारणा पर अपने विचार व्यक्त किए। सुप्रसिद्ध योगाचार्य कृष्ण मित्र ने रोजमर्रा के प्रत्येक कार्य को होशपूर्वक करने को ही वास्तविक ध्यान बताते हुए कहा कि वर्तमान क्षण से लयबद्ध होकर पूर्ण सजगता के साथ जीवन जीने से ही व्यक्तित्व का विकास संभव है। परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी रमेश चन्द्र पंवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनुष्य के पास दो अमूल्य शक्तियां हैं-पहली स्वयं को खुश रखने की और दूसरी स्वयं में सुधार करने की। ये दोनों कार्य किसी अन्य शक्ति द्वारा नहीं, बल्कि स्वयं के संकल्प से ही संभव हैं। उन्होंने महिला बंदियों को आत्म-सुधार एवं सकारात्मक जीवन की दिशा में प्रेरित किया। इस अवसर पर समर्पण मारवाड़ सेवा संस्थान के अध्यक्ष कपिल अरोड़ा एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष विजय लक्ष्मी अरोड़ा द्वारा महिला बंदियों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन कार्यवाहक जेल अधीक्षक नेनू चौधरी ने किया।

परीक्षा केंद्र प्रभारी की कार्यशैली का विरोध

धोरीमना, (कासं)। धोरीमन्ना सीनियर सेकंडरी विद्यालय में रविवार को सूचना प्रौद्योगिकी में राजस्थान राज्य प्रमाण पत्र कंप्यूटर शिक्षा कोर्स की परीक्षा का सेंटर सीनियर सेकेंडरी धोरीमना मे रखा गया था। जिसमें घंटे घंटे की परीक्षा थी छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाये की परीक्षा से वंचित रखा गया। छात्रा जमना कुमारी ने बताया कि जब वह विद्यालय परिसर में प्रवेश किया, तो उसके आधार कार्ड एवं मार्कशीट को जांच की गई तब अधीक्षक एवं उपाधीक्षक ने आधार कार्ड में जन्मतिथि मिलान नहीं होने के कारण परीक्षा केंद्र से बाहर निकाल दिया। छात्र-छात्राओं व अभिभावक महेश जाणी व कई अभिभावकों ने आरोप लगाया की परीक्षा केंद्र के प्रभारी रमेश बिश्नोई ने छात्र छात्राओं को धक्का मूकी देकर बेतमीजी करते हुए बाहर निकाल दिया गया। छात्राओं ने कहा कि 9 बजे परीक्षा केंद्र में आए हुए बच्चों को भी बाहर निकाल दिया गया। छात्राऔ ने परीक्षा केंद्र के दीवार के ऊपर से अंदर प्रवेश कर लिया। छात्र छात्राओं ने कहा की समय रहते हुए भी परीक्षा केंद्र के प्रभारी की लापरवाही से हमें परीक्षा से वंचित रखा गया। अभिभावक व छात्र-छात्राओं द्वारा उपखंड अधिकारी भंवरलाल ने ज्ञापन सौंप कर उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं के साथ भेदभाव करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। सेवानिवृत्त प्रोफेसर पाचाराम चौधरी को किस आधार पर परीक्षा केंद्र के अधीक्षक नियुक्त किया गया छात्रा जंभेश्वर छात्र अविनाश, भावेश, हितेश खुशवंत कई अभिभावक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### आईदान सिंह भाटी का स्वागत

**पोकरण**, (कासं)। भाजपा प्रदेश मंत्री आईदान सिंह भाटी के प्रवास कार्यक्रम के तहत पोकरण ,चाचा गांव,लाठी, धोलिया, भादरिया एवं सोढाकोर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बडे जोश और जुनून के साथ फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री भाटी ने डबल इंजन की सरकार के दो वर्ष गौरवपूर्ण रूप से पूर्ण होने पर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं और आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुनः प्रदेश मंत्री बनने पर मान-सम्मान के साथ स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला मंत्री श्रवण पुनिया, समाजसेवी भाजपा नेता दुर्जन सिंह भाटी, भाजपा नेता सुंदरलाल दर्जी, मालमसिंह केरालिया, देवीसिंह, तनसुख देवडा, सलमान खान, मोयब खान, बलवीर सिंह, जेतमल सिंह भैरवा सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। पोकरण शहर के सांकडा फाटा,चाचा गांव,घोलिया गांवमे भाजपा जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं व आम जन नेभव्य स्वागत किया गया,वही माँ भादरिया राय के पवित्र मंदिर में देव-दर्शन व पूजन कर माता रानी से देश-प्रदेश की खुशहाली कि कामना की, इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों, कार्य कर्ताओं,ग्रामवासियों ने माला ,साफापहना करउत्साहपूर्वक स्वागत व सत्कार किया।

### अमीरुद्दीन हैदर दरगाह पर चढ़ाई चादर

**गड़ामालानी**, (कासं)। मुख्यालय गुडामालानी पर स्थित दादा अमीरुद्दीन हैदर की दरगाह पर दादा अमीरुद्दीन हैदर का 39 वा सालाना उर्स के दौरान चादर, लंग, फुलों कि बोलियों लगी । बोलियों के बाद रोडवेज बस स्टैंड से चादर जलसा निकला । उर्स के दौरान कमेटी सदस्यों द्वारा दूर दराज से आने वाले जायरीनों के लिए पुरी तरह से माकुल व्यवस्थाएं की। दरगाह कमेटी के सदर जफर खान कोटवाल ने बताया कि दादा अमीरुद्दीन हैदर के 39 वा सालाना उर्स में आने वाले जायरीनों के लिए व्यवस्थाएं कि गई। उर्स में आने वाले जायरीनों सहित स्थानीय लोगों ने भी बोलियों में भाग लिय। वहीं लंगर की बोली, पुर्व सरपंच दिनेश कुमार शर्मा पुत्र परमेश्वर लाल शर्मा,चादर कि बोली सतार खान पुत्र अलारख खान, फुलों कि बोली पीरखान पुत्र हाजी खान के द्वारा ली गई। खंजासी रमजान खान कोटवाल व सचिव लाखु खा ने बताया कि बोलियों के बाद चादर जलसा रोडवेज बस स्टैंड से हषोल्लास के साथ कोटवालो का वास,खटीको का वास, कुम्हारों का वास होते हुए दरगाह परिसर पहुचा ओर दरगाह पर चादर चढाई। शाम को कोमी एकता की बैठक आयोजित होगी जिसमें सांसद एवं पूर्व मंत्रियों सहित लोग भाग लेंगे।

### राजु देवासी जिला प्रवक्ता बने

**पाली**, (नि.सं.)। शिव सेना शिंदे की बैठक आज दोपहर 2 बजे शिवाजी सर्कल स्थित महादेव मंदिर पर जिला प्रमुख तख्त सिंह सोलकी की अध्यक्षता में हुई। बैठक मे सर्वसहमति से राजु देवासी को जिला प्रवक्ता मनोनीत किया। किशन शर्मा, नरेश प्रजापत , धर्मेन्द्र गोयल, देवेन्द्र पासवान ने शिव सेना शिंदे की सदस्यता ग्रहण की, जिनको पदभार आगामी बेठक मे दिया जायेगा। नव नियुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों को धर्म रक्षा,देश रक्षा व गो माता की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। राजु देवासी के पुनः जिला प्रवक्ता मनोनीत होने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया। बैठक मे जिला प्रमुख तख्तसिंह सोलकी,किशन शर्मा, नरेश प्रजापत, रमेश बंजारा,महेंद्र मांडा, उदय सेट्टी,दोलत तनवानी,मनोज गर्ग,राजु सिह रावत, मुकेश सेन, जितु राव, मगराज पादरली,भानु प्रताप सिह गोड,शकर वाघेला राम सा देवासी, रुपाराम ओड, भंवर मेगवाल,श्रवण प्रजापत, तेजेश्वर, मुकेश शर्मा, धर्मेन्द्र गोयल, देवेन्द्र पासवान सहित कई जने मौजद थे।

# बजट घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विति तय करें : पटेल

**जोधपुर**, (कासं)। विधानसभा क्षेत्र लूणी के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक रविवार को पाल रोड स्थित पंचायत समिति लूणी के सभागार में संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण एवं शहरी,स्थानीय विधायक एवं सांसद निधि योजना, स्वामित्व योजना और अटल ज्ञान केंद्र सहित सभी फ्लैगशिप योजनाओं की विस्तार से समीक्षा कर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा हमारे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि 2 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की दिशा में ऐतिहासिक कार्य करवाए गए है।

पटेल ने कहा बजट घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित करें। उन्होंने बजट घोषणा के तहत झालामंड और सांगरिया में एफएसटीपी निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने, ओपन जिम के कार्य और अटल ज्ञान केंद्र के कार्यों को तय समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम पंचायत धांधिया के अपूर्ण भवन निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पटेल ने ग्राम पंचायत कार्यालय प्रतिदिन समय पर खोलने, सघन सफाई अभियान चलाकर पंचायत भवन एवं पंचायत परिसर की सफाई सुनिश्चित करने,पंचायत के दस्तावेज एवं पत्रावली व्यवस्थित रखने और पंचायत परिक्षेत्र में संचालित ई-मित्र पर विभिन्न सेवाओं के निर्धारित शुल्क का बोर्ड लगाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

संसदीय कार्य मंत्री ने राज्य सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों समुचित प्रचार - प्रसार के लिए फ्लैक्स, पोस्टर एवं बोर्ड पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत में लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम आवास योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत व्यक्तिगत लाभ के कार्यों के लिए निर्धारित चयन प्रक्रिया का बोर्ड ग्राम पंचायत में लगाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत में स्वीकृत कार्यों को बेहतर गुणवत्ता के साथ संपादित करने और सभी योजनाओं के अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करवा कर कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जमा कराने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार मिश्रा, उपखंड अधिकारी लूणी हसमुख कुमार, विकास अधिकारी लूणी कंवर लाल सोनी, धवा बीडीओ ओमप्रकाश, केरू बीडीओ गिरधारी राम सहित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# संसद को राजनीतिक हंगामे का अखाड़ा बना रहा है विपक्ष : गजेंद्र शेखावत

**जोधपुर**, (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने एकबार फिर विपक्ष पर निशाना साधा। शेखावत ने कहा कि दुर्भाग्य से पिछले कुछ वर्षों में विपक्ष संसद को चर्चा के मंच के बजाय राजनीतिक हंगामे का अखाड़ा बनाने का प्रयास करता रहा है। कागज फाड़ना, नारेबाजी करना और सदन की कार्यवाही को बाधित करना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। रविवार सुबह अपने गृहनगर जोधपुर पहुंचे शेखावत ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत की।

उन्होंने कहा कि जहां तक कुछ विषयों पर हो रहे विरोध की बात है तो मुझे लगता है कि आज देश में कहीं न कहीं विरोध को एक आदत बना लिया गया है। कुछ लोग बिना विषय को समझे, बिना उसके पीछे के उद्देश्य को जाने, केवल विरोध करने के लिए विरोध कर रहे हैं। विशेष रूप से उन सुधारात्मक कदमों का विरोध किया जा रहा है, जो लोकतंत्र की रक्षा और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए किए गए हैं।

शेखावत ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा संविधान के तहत जो दायित्व निभाए जा रहे हैं, उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय हों। इसके लिए आवश्यक निर्णय लेना चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य है। दुर्भाग्य से कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं, जबकि उन्हें स्वयं यह स्पष्ट नहीं है कि वे विरोध क्यों कर रहे हैं? कुछ स्थानों पर ऐसे तत्व भी हो सकते हैं, जिन्हें अवैध या अनुचित रूप से मतदाता सूची में शामिल नामों से राजनीतिक लाभ मिलता रहा हो और वही लोग अब इन सुधारों का विरोध कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह भी एक विडंबना है कि जो लोग कुछ समय पहले स्वयं इन सुधारों की मांग कर रहे थे, वही आज भ्रमित मन:स्थिति में उनका विरोध कर रहे हैं। यह एक प्रकार से भ्रमग्रस्त मानसिकता का संकट है। सरकार और संवैधानिक संस्थाएं अपना कार्य पूरी प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी के साथ कर रही हैं और आगे भी करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि संसद में जनता अपने प्रतिनिधियों को सेवा और विमर्श के लिए भेजती है।

शेखावत ने कहा कि संसद वह स्थान है, जहां चर्चा होनी चाहिए, विचार-विमर्श होना चाहिए, सरकार की नीतियों और निर्णयों की समीक्षा होनी चाहिए। यह देखा जाना चाहिए कि योजनाएं धरातल पर कैसे उतरी हैं और उन्हें और बेहतर कैसे बनाया जा सकता है? हालांकि, यह उनका अधिकार है, लेकिन देश की जनता सब देख रही है। जनता यह भी समझती है कि कौन संवाद और समाधान की राजनीति करना चाहता है और कौन केवल अवरोध और भ्रम की राजनीति? समय आने पर जनता अपने विवेक के अनुसार निर्णय भी करती है।

सेरेंडिपिटी आर्ट्स फाउंडेशन के गोवा में आयोजित सांस्कृतिक उत्सव 'सेरेंडिपिटी' से जुड़े सवाल पर शेखावत ने कहा कि कला और संस्कृति आधारित कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर मिला। वहां की कला और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों ने मुझे भीतर तक प्रभावित किया। यह दस दिनों तक चलने वाला कार्यक्रम वास्तव में एक अद्भुत सांस्कृतिक अनुभव है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि यह देश का सबसे बड़ा बहुआयामी सांस्कृतिक उत्सव है, जिसमें दृश्य कला और परफॉर्मिंग आर्ट, दोनों विधाओं को समान महत्व दिया जाता है। इस प्रकार के आयोजन न केवल नवोदित कलाकारों को एक सशक्त मंच प्रदान करते हैं, बल्कि शहर के पर्यटन को भी बढ़ावा देते हैं और संस्कृति-आधारित रचनात्मक अर्थव्यवस्था की संभावनाओं को विस्तार देते हैं। शेखावत ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक उत्सव यह सिद्ध करते हैं कि कला और संस्कृति केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि आर्थिक विकास, पर्यटन और वैश्विक संवाद का भी सशक्त माध्यम हैं। भारत जैसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश के लिए इस प्रकार के आयोजन हमारी सॉफ्ट पावर को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# जोधपुर में 'रन फॉर विकसित राजस्थान' हुई

**जोधपुर**, (कासं)। वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को जिला स्तर पर 'रन फॉर विकसित राजस्थान 2025' का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ-साथ विकसित राजस्थान के संकल्प से जोड़ना रहा।

दौड़ का शुभारंभ शहर विधायक अतुल भंसाली एवं संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर गौरव अठावाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार मिश्रा एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गणपतलाल सुथार भी उपस्थित थे।

दौड़ के शुभारंभ अवसर पर शहर विधायक अतुल भंसाली ने कहा कि विद्यार्थियों सहित समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग दिवस को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाकर पूरे विश्व को भारत की प्राचीन स्वास्थ्य परंपरा से जोड़ा है।

इसी कड़ी में इस प्रकार के आयोजन युवाओं को फिटनेस और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से नियमित व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाने का आ ान किया।

जिला खेल अधिकारी भरत सिंह गुर्जर ने बताया कि दौड़ का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर से होकर घूमर होटल रोड, राईका बाग पुलिया एवं पावटा चौराहा होते हुए पुनः कलेक्ट्रेट परिसर पर संपन्न हुई। निर्धारित मार्ग पर प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उन्होंने बताया कि इस दौड़ में स्कूल एवं कॉलेज शिक्षा के छात्र-छात्राओं के साथ एनसीसी/एनएसएस, हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड, नगर निगम, पुलिस विभाग, आरएसी, खेल विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जिला परिषद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने कहा कि 'रन फॉर विकसित राजस्थान 2025' न केवल एक दौड़ है, बल्कि यह स्वस्थ, सशक्त और विकसित राजस्थान के निर्माण का जनआंदोलन है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हैं।

## ग्रामीण समस्या समाधान शिविर

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर जिले में ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 'ग्रामीण समस्या समाधान शिविर' आगामी 25 दिसंबर तक प्रत्येक भू-निरीक्षण वृत्त स्तर पर जारी रहेंगे। इन शिविरों का आयोजन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया जा रहा है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, जोधपुर आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि सोमवार, 22 दिसम्बर को पंचायत समिति बालेसर की ग्राम पंचायत बेलवा खत्रिया, पंचायत समिति शेरगढ की ग्राम पंचायत शेरगढ, पंचायत समिति चामू की ग्राम पंचायत नाथड़ाउ, पंचायत समिति लूणी की ग्राम पंचायत खाराबेरा पुरोहितान, पंचायत समिति बिलाड़ा की ग्राम पंचायत बाला, पंचायत समिति बावड़ी की ग्राम पंचायत डांवरा, पंचायत समिति भोपालगढ की ग्राम पंचायत रजलानी, तथा पंचायत समिति पीपाड़ शहर की ग्राम पंचायत चौकडी कला में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर आयोजित होंगे।

## विक्रम गर्ग की 177 वीं रेंक

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के सांचौर उपखंड के होनहार युवा विक्रम कुमार पुत्र सेवा राम जी गर्ग ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ईएसई 2025 परीक्षा में 177 वीं रैंक हासिल कर इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस (आईइएस) बनने का सपना साकार किया है। यह सफलता उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में प्राप्त की है।

पहले प्रयास विक्रम ने दिल्ली में रहकर एक साल तक कडी तैयारी की, लेकिन मेन्स परीक्षा में सफलता नहीं मिल पाई। इसके बाद पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए वे जोधपुर लौटे और वहीं रहकर स्व-अध्ययन के जरिए दोबारा तैयारी शुरू की। कठिन हालातों में भी उन्होंने हार नहीं मानी और लक्ष्य पर डटे रहे। विक्रम ने सांचौर के सेकेंडरी गणेश शिव स्कूल व एपेक्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से वर्ष 2017 में सीनियर सेकेंडरी की पढाई पूरी की। इसके बाद आईआईटी जेइइ उत्तीर्ण कर वर्ष 2023 में इंजीनियरिंग की डिग्री पूर्ण की। विक्रम के पिता सेवा राम गर्ग सेवानिवृत्त शिक्षक, माता गृहिणी हैं। वे शिवनाथपुरा कॉलोनी, सांचौर के निवासी हैं।

# 'महिलाएं लखपति दीदी योजना से आत्मनिर्भर बन रही'

**बालोतरा**, (निसं)। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य स्तरीय लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम का जिला स्तर पर जिला कलक्टर कार्यालय के सभागार में सजीव प्रसारण किया गया।

इस कार्यक्रम में पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी, जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने सहभागिता निभाई, वहीं जिले की लखपति दीदियों ने भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तर से लखपति दीदी योजना के उद्देश्यों, उपलब्धियों एवं भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत संवाद किया गया। सजीव प्रसारण के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुडी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में किए गए नवाचारों की जानकारी प्राप्त की।

पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि लखपति दीदी योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रही हैं, बल्कि समाज में भी सशक्त भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने और अन्य महिलाओं को भी इससे जो?ने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लखपति दीदियों ने बताया कि सरकार की सहायता, प्रशिक्षण एवं ऋण सुविधा से उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने में मदद मिली है। कई महिलाओं ने कृषि, पशुपालन, हस्तशिल्प, सिलाई-क?ाई, डेयरी एवं लघु उद्योगों के माध्यम से अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है। राजीविका के अधिकारियों ने योजना की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में बडी संख्या में स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं और लगातार महिलाएं लखपति दीदी बनने की दिशा में आगे बढ रही हैं। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने महिलाओं को निरंतर मेहनत, नवाचार एवं आपसी सहयोग के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने सभी लखपति दीदियों को कप? के थैले का वितरण कर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही कर घर से निकलते समय कप? के थैले का प्रयोग करने का आहवान किया।

अतिरिक्त मुख्य कार्याकारी अधिकारी हीराराम कलबी, स्थानीय जनप्रतिनिधि भवानी सिंह टापरा, गोविन्द सिंह कालूडी, खेताराम, भीमाराम, गणपत सिंह भाटी, धनराज राजपुरोहित, राजीविका जिला प्रबंधक अशोक सोनल, ब्लॉक परियोजना प्रबंधक प्रशान्त यादव, क्षेत्रीय समन्वयक राजाराम पाटोदी, परियोजना सहायक राम करण, लखपति दीदी कविता, चन्द्रा कंवर, प्रेमी, सरोज, पिंकी, दरिया कंवर मौजूद रहे।

## रैली 24 से जोधपुर में

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे एवं भारत स्काउट एवं गाइड के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर पश्चिम रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड की 5 वीं स्टेट रैली का आयोजन दिनांक 24 से 28 दिसंबर तक जोधपुर मंडल के रेलवे ग्राउंड में किया जा रहा है। इस रैली में विभिन्न रेलवे जोनों एवं राज्यों से आने वाले लगभग 500 स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर,कब एवं बुलबुल भाग ले रहे हैं।

# गांवों में राज्य सरकार की उपलब्धियां बताई

**रेवदर**, (निसं)। राजस्थान की भजनलाल सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन यात्रा प्रगति रथ के माध्यम से निकाली जा रही है जो प्रत्येक ग्राम पंचायत पर जाकर राजस्थान की भजनलाल सरकार के दो साल के कार्यकाल को लोग को वीडियो विजुअल, बुकलेट, पेमपलेट आदी के माध्यम से आम जनता तक पहुँचा रही है। सुशासन यात्रा रेवदर विधानसभा प्रभारी एवं भाजपा जिला प्रवक्ता दीपेंद्र सिंह देवडा के नेतृत्व में यह यात्रा ग्राम पंचायत दोलपरा, धवली,डाक,डबाणी व लुणोल पर पहुँची।

सुशासन यात्रा प्रगति रथ के ग्राम पंचायत हेडक्वार्टर पर पहुँचने पर ग्रामीणों ने इसका फूल-मालाओं,ढोल धमाकों के साथ स्वागत किया।

सुशासन यात्रा रेवदर विधानसभा प्रभारी दीपेंद्र सिंह देवडा ने यात्रा के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राजस्थान की भजनलाल सरकार के कार्यकाल के योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान की भजनलाल सरकार के दो साल का कार्यकाल के विकास कार्य पिछली कांग्रेस सरकार के पाँच साल के विकास कार्यो से यादा है।भजनलाल सरकार ने अपने मैनिफेस्टो के 75 प्रतिशत कार्य इन दो सालों के अंदर ही तो पूरे कर दिए हैं जिससे आम जनता लाभान्वित हो रही है। दीपेंद्र सिंह देवला ने बताया कि किसानों को किसान सम्मान निधि फसल बीमा योजना महिलाओं को लखपति दीदी राजवी का योजना आंगनवाडी योजना युवाओं के सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाओं में रोजगार उपलब्धता गरीबों को खाद्य सुरक्षा योजना के तो अब आप पूरी अनाज वितरण आदि योजनाओं से राजस्थान वासी लाभान्वित हो रहे हैं।

सुशासन यात्रा के दौरान भाजपा जिला प्रवक्ता दीपेंद्र सिंह देवडा,दोलपुरा सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र कोली, धवली सरपंच प्रतिनिधि सुल्तान सिंह थल,पूर्व जिला महामंत्री मदन सिंह देवडा,अनादरा मंडल उपाध्यक्ष जयदीप सिंह देवडा,डबाणी सरपंच के पी सिंह देवडा, भाजपा नेता केसर सिंह पराडीया,वकील भागीरथ सिंह लुणोल, रथ संयोजक एवं ग्राम विकास अधिकारी दीक्षित परमार सहित कई जने उपस्थित रहे।

# जिला संयोजक-सह संयोजक नियुक्त

**बालोतरा**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस के रूप में मनाए जाने के लिए जिला संयोजक नियुक्त किए गए।

जिला मीडिया प्रभारी राजेश पुरी ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रूप मे मनाने उपलक्ष के अवसर पर कार्यक्रम में बढ-चढकर भाग लेंगे भाजपा जिलाध्यक्ष भरत मोदी के निर्देशानुसार अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के उपलक्ष पर अटल स्मृति वर्ष मनाने को लेकर जिला संयोजक सहसंयोजक नियुक्त किए गए हैं अटल स्मृति वर्ष जिला स्तरीय समिति संयोजक डा रमेश भंसाली सहसंयोजक शांतिलाल सुथार नगसिंह राजपुरोहित दौलाराम सियाग अमित सिँह राठौड एवं अटल स्मृति वर्ष जिला मोर्चा स्तर समिति सयोजक सहसंयोजक नियुक्त किए है।

वीर बाल दिवस को लेकर जिला संयोजक एव सह संयोजक नियुक्त किए गए वीर बाल दिवस संयोजक राजेश भाई पंजाबी सह संयोजक विमल मालवीय सोशल मिडिया महेंद्र लखारा प्रदर्शनी कपिल दवे को नियुक्त किए गए है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया

**रेवदर**, (निसं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरोही के आदेशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति, रेवदर में रविवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

सिविल, आपराधिक, एनआई एक्ट सहित कुल 940 प्रकरण चिन्हित किये गये। फौजदारी राजीनामा योग्य 504 प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण 1 एवं एनआई एक्ट के 3 प्रकरण, का जरिये राजीनामा निस्तारण किया। कुल 1, 88,306/- रुपये की राशि वसूली की गई। प्रि-लिटिगेशन के तौर पर 884 प्रकरण चिन्हित किये गये, कुल 20 प्रकरणों का निस्तारण किया। जिसमें कुल 53,53,231/- रुपये की राशि वसूल की गई। तहसीलदार रेवदर के लम्बित एवं प्रि-लिटिगेशन के कुल 7013 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष दिपांशु आर्य आर. जे. एस., सदस्य सुरेन्द्र सिंह देवड़ा अध्यक्ष बार एसोसियन रेवदर, सुरेशदान चारण रीडर, सचिव भला राम, बैंक प्रतिनिधगण एवं अधिवक्ता हरिसिंह राव, लक्ष्मणसिंह नाथावत, राजेन्द्रसिंह देवड़ा, दिनेश कुमार गर्ग, उदयसिंह, रामसिंह, मुकेश कुमार कोली, प्रवीण मेघवाल, न्यायिक कर्मचारी संजय कुमार लिपिक ग्रेड-द्वितीय, सुरेश कुमार मीना सिस्टम सहायक, रतनदास वैष्णव, पीएलवी प्रकाशराम आदि मौजूद थे।

# श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

**जालोर**, (कासं)। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र राजयोग भवन, शिवाजी नगर, जालोर में रविवार को विश्व ध्यान दिवस एवं संस्था की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका, उडीसा राज्य के कटक जोन प्रभारी, राजयोगिनी तपस्विनी आदरणीय कमलेश दीदी जी के दिव्य लोक गमन पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जालौर सेवा केंद्र के अंतर्गत बालोतरा, सिवाना, समदडी, सिणधरी, पादरू, पोकरण, चंदराय, तखतगढ एवं सायला सेवा केंद्रों से अनेक ब्रह्माकुमारी बहनें एवं भाई उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कंज्यूमर कोर्ट जालौर के माननीय जज घनश्याम जी यादव ने भी सहभागिता करते हुए आदरणीय कमलेश दीदी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर शांति प्रार्थना की। कार्यक्रम में वक्ताओं के रूप में बीके रंजू दीदी एवं माउंट आबू से पधारे बीके सुरेंद्र भाई ने ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। बीके रंजू दीदी ने कहा कि ध्यान से मन की एकाग्रता बढती है तथा व्यक्ति तनावमुक्त जीवन जी सकता है। नियमित राजयोग ध्यान से आत्मिक शांति, सकारात्मक सोच एवं मानसिक संतुलन की प्राप्ति होती है। वहीं बीके सुरेंद्र भाई ने कहा कि आज की भागदौड भरी जीवनशैली में ध्यान अत्यंत आवश्यक है। ध्यान के माध्यम से व्यक्ति स्वयं को पहचानता है और जीवन में सही दिशा प्राप्त करता है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी भाई-बहनों ने विशेष दो घंटे के राजयोग ध्यान अभ्यास में भाग लिया। इसके पश्चात स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी, बाल ब्रह्मचारी राजयोगिनी बीके रंजू दीदी ने आदरणीय कमलेश दीदी जी के त्याग, तपस्या एवं ब्राह्मण परिवार के लिए उनके प्रेरणादायी जीवन को विस्तार से साझा किया।

दीदी की जीवन गाथा सुनकर उपस्थित सभी ब्रह्मोत्सव की आँखें श्रद्धा, आस्था एवं प्रेम से नम हो गईं। माउंट आबू से आये ब्रह्माकुमार भाइयों ने भी कमलेश दीदी जी की विशेषताओं को साझा करते हुए ब्रह्मा बच्चों को निरंतर प्रगति के पथ पर चलने के लिए प्रेरणादायी प्रसंग सुनाए। अंत में सभी ने दीदी जी को पुष्पांजलि अर्पित की ।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बालोतरा से बीके उमा दीदी,सायला से बीके पवनी बहन,पोकरण से बीके रिंकू बहन,समदडी से बीके पूजा बहन,पादरू से बीके एकता बहन एवं मीनू बहन,चंदराय से बीके ज्योति बहन,सिणधरी से रूबी बहन,माउंट आबू से शंकर भाई,मनोहर भाई,त्रिलोक भाई तथा कांतिलाल भाई, सनातन भाई, पोकरण, डॉ दलीचंद पूंसल, सहित लगभग सैकडों भाई-बहनों ने भाग लिया। सभी ने ब्रह्मा भोजन स्वीकार किया एवं कार्यक्रम का समापन हुआ।

# 'अधिकारी जन सेवा की भावना से कार्य करें'

**बालोतरा**, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने रविवार को ग्राम सेवाली एवं सिवाना में आयोजित ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

शिविर में राजस्व, पंचायती राज, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, जलदाय, विद्युत, कृषि, चिकित्सा एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों द्वारा भूमि संबंधी प्रकरण, पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल, बिजली, सडक एवं आवास से जुडी समस्याएं रखी गईं। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने मौके पर ही कई प्रकरणों का समाधान कराया। अतिरिक्त जिला कलैक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण समस्या समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही करना है, ताकि उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पडें। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याएं सुनने और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक ग्रामीण की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और उसका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। अधिकारी जनसेवा की भावना से कार्य करें और किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित न रखा जाए। इस दौरान विकास रथ के साथ आई प्रचार सामग्री का वितरण करते हुए योजनाओं की जानकारी साझा की।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# भोमपुरा गौशाला में गौवंश की मौत का मामला राज्य सरकार तक पहुंचा

## जयपुर से पशुपालन विभाग के उच्चाधिकारी रायसिंहनगर पहुंचे और गौशाला का निरीक्षण किया

- **ग्रामीणों ने बताया कि गौशाला में लंबे समय से अव्यवस्थाएं थी, लेकिन उच्च अधिकारियों ने समय रहते ध्यान नहीं दिया**
- **मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) स्तर पर इस पूरे प्रकरण की निगरानी की जा रही है**

**रायसिंहनगर, (निसं)।** यहां गांव भोमपुरा स्थित गौशाला में लगभग 100 गौवंशों की संदिग्ध मौत का मामला राज्य सरकार तक पहुंच गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जयपुर से पशुपालन विभाग के उच्चाधिकारी रायसिंहनगर पहुंचे और गौशाला का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) स्तर पर इस पूरे प्रकरण की निगरानी की जा रही है।

पशुपालन विभाग के निदेशक पंकज ओझा, संयुक्त निदेशक मनोज बरवड़ा, डीडी शशि रंजन सर्वा और वरिष्ठ पशु अधिकारी जितेंद्र यादव ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को जिले में ही रुककर हालात सुधारने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इस बीच जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन ने मामले को दबाने के आरोप लगाए। प्रशासन ने श्यामगढ़ के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र सुथार को निलंबित कर दिया है, जिससे ग्रामीणों और गौसेवकों में रोष बढ़ गया है। बजरंग सेना के संभाग अध्यक्ष रामचंद्र सिहाग और जिला अध्यक्ष दिनेश ठोलिया ने डॉ. सुथार की बहाली की मांग करते हुए आरोप लगाया कि छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर बड़े अधिकारियों को बचाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गौशाला में लंबे समय से अव्यवस्थाएं थीं, लेकिन उच्च अधिकारियों ने समय रहते ध्यान नहीं दिया। उनका आरोप है कि अब मामला सामने आने पर केवल निचले स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। शनिवार को गौशाला में नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर ग्रामीणों और प्रशासन की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि जब तक निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा। वर्तमान में गौशाला में 55 गोवंश बीमार स्थिति में हैं। आठ पशु चिकित्सक, 12 एलएसए (पशुधन सहायक) और चार पशुधन सहायकों की एक टीम उनके उपचार में जुटी हुई है।

# भारत-पाकिस्तान सीमा पर जर्मन दंपती को ठहराया, मामला दर्ज

- **आरोपी के खिलाफ अप्रवास अधिनियम के तहत मामला दर्ज, पहले धर्मांतरण का केस भी हुआ था**

**श्रीकरणपुर, (निसं)।** यहां भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक जर्मन दंपती को अवैध रूप से ठहराने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई थाने के उपनिरीक्षक माला सिंह की रिपोर्ट पर अप्रवास विदेशी विषयक अधिनियम 2025 के तहत की गई है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित श्रीकरणपुर क्षेत्र में विदेशी नागरिकों के आगमन पर सख्त प्रतिबंध हैं। यदि कोई विदेशी नागरिक यहां आता है, तो उसके लिए कड़े नियम लागू होते हैं। इसके बावजूद जर्मन दंपति श्रीकरणपुर पहुंचा और सूत्रों के अनुसार गांव 16 एस माझीवाला के सीमावर्ती क्षेत्र में भी घूमकर आया था। इससे पहले विश्व हिंदू परिषद सहित जागरूक लोगों की सूचना पर चल रहे धर्मांतरण के खेल पर पुलिस ने दबिश दी थी।

पूर्व में शरद गुंबर की रिपोर्ट पर धर्मांतरण के नए कानून के तहत एक मुकदमा दर्ज किया गया था। अब उपनिरीक्षक माला सिंह ने विदेशी नागरिकों को यहां ठहराने और उनके खाने-पीने की व्यवस्था करने वाले युवक के खिलाफ अलग से मामला दर्ज कराया है। उपनिरीक्षक माला सिंह ने धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार बलजिंदर सिंह और राजेश कंबोज से पूछताछ की। जर्मन निवासी सेवनबोस बैटसलर पुत्र रिगो बैटसलर और उनकी पत्नी सांडर बैटसलर को राजेश कुमार कंबोज ने श्रीकरणपुर के कचीथेड़ी स्थित अपने मकान में तीन-चार दिन तक ठहराया था। राजेश कुमार कंबोज ने इन विदेशी नागरिकों को रहने और खाने-पीने की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई थी। राजेश पॉपी द्वारा अपने रिहायशी मकान में सीमावर्ती क्षेत्र में नियम विरुद्ध विदेशी नागरिकों को ठहराने और इसकी सूचना एफआरओ (विदेशी पंजीकरण अधिकारी) या स्थानीय पुलिस प्रशासन को नहीं देने का यह कृत्य धारा 8/23 अप्रवास व विदेशी विषयक अधिनियम 2025 के तहत दंडनीय है। इन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार जांच थानाधिकारी को सौंपी गई है।

# हाईवे पर बदमाशों ने वाहनों पर पथराव किया

## नेशनल हाईवे-48 की घटना, 8-10 वाहनों के कांच टूटे

- **ट्रक ड्राइवर ने एक व्यक्ति को पत्थर मारते हुए देखा था, उस आधार पर एक युवक को पकड़ा**

**उदयपुर, (निसं)।** उदयपुर के ऋषभदेव थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-48 पर कुछ बदमाशों ने रविवार को चलते वाहनों पर पथराव किया। पथराव से आठ-10 वाहनों के कांच टूट गए। एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गया। वहीं, डूंगरपुर डिपो की रोडवेज बस पर अचानक पत्थर बरसने से यात्री सहम गए। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं लगी।

घटना कागदर आवासीय स्कूल के सामने ओवरब्रिज की है। जहां ट्रक, बस और कार पर पथराव हुआ। अचानक पथराव होता देख वाहनों चालकों ने गाड़ियां रोक ली। वे वाहनों से बाहर आ गए और विरोध जताने लगे। घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए लंबा जाम लग गया। सूचना पर ऋषभदेव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। थानाधिकारी हेमंत अहारी ने बताया कि एक ट्रक ड्राइवर ने एक व्यक्ति को पत्थर मारते हुए देखा था। उस आधार पर एक युवक को पकड़ा है। हालांकि वह युवक मानसिक रूप से कमजोर लग रहा है। पूछताछ में स्पष्ट नहीं बता रहा। हालांकि पुलिस घटना में और भी लोगों के शामिल होने की आशंका पर जांच में जुटी है।

# एमपी से दिल्ली ले जाई जा रही 1.11 करोड़ की नगदी सहित पांच गिरफ्तार

## नाकाबंदी के दौरान स्कार्पियो कार से नगदी जब्त की, मौके पर मशीन मंगवाकर नोटों की गिनती करवाई

- **तलाशी में कार में बैग मिले, जिसमें 500, 200,100 व 50 रुपए के नोटों के बंडल थे**

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अवैध गतिविधियों पर अंकुश अभियान के तहत मध्य प्रदेश से दिल्ली ले जाई जा रही स्कार्पियो कार से एक करोड़ 11 लाख रुपए की नगदी के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार व कार जब्त की है।

सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय सिंह मीणा व सीओ हेमराज बैरवा के नेतृत्व में सवाई माधोपुर जिले भर में नाकाबंदी कर वाहनों की संधन तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान 20 दिसंबर को रवांजना डूंगर थाना प्रभारी दिलीप कुमार वर्मा व मानटाउन थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता की टीमों द्वारा नाकाबंदी के दौरान मध्य प्रदेश से दिल्ली जा रही स्कार्पियो कार को रोका गया। कार के आगे, पीछे नंबर प्लेटों पर मिट्टी लगी थी व कार सवार पांच लोगों के हावभाव भी संदिग्ध पाए जाने पर पूछताछ की गई। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर वाहन की तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान पीछे की सीट पर बैग मिले, जिसमें 500, 200,100 व 50 रुपए के नोटों के बंडल मिले, जिन्हें मशीन मंगवाकर गिनती कराए जाने पर एक करोड़ 11 लाख रुपए निकाले। कार में सवार पांच लोगों से पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इस पर पुलिस ने अवैध संग्रहण व परिवहन पाए जाने पर धारा 106 बीएनएस के तहत राशि को जब्त कर आयकर विभाग को सूचित किया।

आयकर विभाग रवांजना डूंगर थाने में आरोपियों से पूछताछ कर रही है। आरोपियों में मयंक राठौर निवासी तलवाड़ा डैम जिला बड़वानी मध्य प्रदेश, विश्वनाथ साहू निवासी सोनाघाटी जिला बैतूल मध्य प्रदेश, सचिन जायसवाल निवासी सलावत जिला खरगोन मध्य प्रदेश, सुदामा कुशवाह निवासी बड़ागरी जिला दतिया मध्य प्रदेश व राकेश मरकाम निवासी मरकाम ढाना जिला छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर आयकर विभाग की टीम रवांजना डूंगर थाने में पूछताछ कर रही है।

# कॉपर तार और ऑयल चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

## सिंगल फेज ट्रांसफॉर्मर से कॉपर और ऑयल चुरा लिया था

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले की दोवड़ा थाना पुलिस ने घोड़ी आमली गांव में सिंगल फेज डीपी (डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर) से कॉपर तार और ऑयल चोरी करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में से एक रुमानाथ उर्फ रुमालिया पर उदयपुर के दो थानों में कुल 11 मामले दर्ज हैं। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

दोवड़ा थानाधिकारी परमेश्वर पाटीदार ने बताया कि यह मामला दोवड़ा एवीवीएनएल के एईएन नरेश कुमार मीणा की रिपोर्ट पर दर्ज किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, घुनीफला फला घोड़ी आमली में लगे सिंगल फेज ट्रांसफॉर्मर को 17 दिसंबर की रात दो अज्ञात व्यक्तियों ने नीचे गिरा दिया था। इसके बाद उन्होंने ट्रांसफॉर्मर से कॉपर और ऑयल चुरा लिया।

मामले को लेकर पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी पप्पू पुत्र रंगलाल कनिपा, निवासी गणेश लीमड़ी घोड़ी आमली तथा उसके सहयोगी रमानाथ उर्फ रुमालिया कालबेलिया को गिरफ्तार किया। रुमालिया मठ मादड़ी, प्रतापनगर, उदयपुर का निवासी है और वर्तमान में वाड़ी घाटी परसाद में रह रहा था। दोनों आरोपियों ने पूछताछ के दौरान डीपी से कॉपर और ऑयल चोरी की वारदात कबूल कर ली है। आरोपी रुमालिया के खिलाफ उदयपुर के प्रतापनगर थाने में 10 और नाई थाने में एक सहित कुल 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आगे जांच कर रही है।

# 53 हजार रूपये रिफंड करवाये

**टोंक, (निसं)।** थानाधिकारी निवाई घासीराम के नेतृत्व में गठित टीम ने अज्ञात सायबर ठग द्वारा परिवादी के खाते से 53 हजार रूपये ऑनलाईन धोखाधड़ी पूर्वक हड़पने के बाद थाना पुलिस ने ठगों से बाद जांच के 53 हजार रूपये वापिस परिवादी के खाते में रिफण्ड करवाया। थानाधिकारी निवाई ने बताया कि गत 3 दिसम्बर को परिवादी विजय शंकर द्विवेदी निवासी यश बैंक की गली भगत सिंह कॉलोनी निवाई द्वारा थाना निवाई में प्रकरण दर्ज कराया गया कि अज्ञात आरोपी द्वारा मेरी पत्नी पूजा के यूनियन बैंक के खाते से 53 हजार रूपये बिना उसकी अनुमति के काट लिये।

# कैंपर गाड़ी ने पांच युवकों को टक्कर मारी, दो की मौत

## सड़क किनारे खड़े थे पांचों युवक, तभी हादसा हुआ

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र में सवाईपुर रोड पर ढोकलिया विद्युत ग्रिड के पास शनिवार देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। सवाईपुर की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे एक कैंपर ने सड़क किनारे खड़े पांच युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जानकारी मिलते ही 108 एम्बुलेंस और कोटड़ी थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है। मृतकों के शव कोटड़ी अस्पताल की मोर्चरी में रखे गए हैं।

थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि हादसे में बनेड़ा थाना क्षेत्र के डगास निवासी गोविंद पिता कल्याण भील और बाबू पिता शंकरलाल भील की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, डगास के ही भैरू पिता धन्ना भील, विनोद पिता बद्रीलाल भील और फूलिया कला थाना क्षेत्र के रूपपुरा निवासी सांवरा पिता शंकरलाल भील घायल हुए हैं। रविवार को परिजनों के आने के बाद दोनों शवों का कोटड़ी चिकित्सालय में पोस्टमॉर्टम किया गया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की गहन जांच कर रही है।

# युवक की हत्या कर शव गड्ढे में फेंका, आरोपी गिरफ्तार

## महिला से एक तरफा प्रेम के चलते वारदात को अंजाम दिया था

- **चितौड़गढ़ हाईवे पर गड्ढे में मृतक का शव मिला था**

**कोटा, (निसं)।** आरकेपुरम थाना इलाके के चितौड़गढ़ हाईवे पर धारदार हथियार से हमला कर युवक की हत्या कर गड्ढे में शव फेंकने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस टीम ने हत्यारे को घटना के कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी दिलभर गुर्जर को गिरफ्तार किया है।

मामले में सामने आया कि मृतक व आरोपी एक दूसरे से परिचित थे और एक महिला से एक तरफा प्रेम के चलते आरोपी ने मृतक को रास्ते से हटाने के लिये उस पर धारदार हथियार चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी और बाद में शव को गड्ढ में फेंक कर फरार हो गया। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 20 दिसम्बर को गुर्जर चौक के पास चितौड़गढ़ हाईवे के फोरलेन की स्लीप लाईन के पास एक गड्ढे में व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली, जिस पर आरकेपुरम पुलिस टीम व घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। शहर एसपी ने बताया कि मृतक की पहचान बाद में रोझड़ी निवासी करण के रूप में हुई। शहर एसपी ने बताया कि मृतक के पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिये शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में पुलिस उप अधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन में आरकेपुरम् थानाधिकारी संदीप विश्नोई एवं कोतवाली थानाधिकारी महेन्द्र मारू के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम व जांच में जुटी डीएसटी टीम ने विभिन्न पहलु पर घटना की जांच की, टीम ने आस-पास लगे सीसीटीवी फुटैज खंगाले। गठित टीम ने ब्लांड मर्डर का खुलासा करते हुए करण की हत्या के मामले में दिलभर गुर्जर को दौलतगंज के पास से डिटेन कर अनुसंधान के बाद प्रकरण में गिरफ्तार किया।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि हत्या के आरोपी दिलभर गुर्जर से पूछताछ में सामने आया कि दिलभर गुर्जर एक महिला से एक तरफा प्यार करता था, उसको शक था कि करण का उस महिला से नजदीकी संबध है इस कारण उसका प्यार सफल नहीं हो पा रहा है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कुछ दिन पूर्व झगड़ा भी हुआ था और एक तरफ प्यार के चलते दिलभर गुर्जर ने करण पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

शहर एसपी ने बताया कि मामले में सामने आया कि 19 दिसम्बर को जब करण बाइक को ठीक करवाने निकला था तो दिलभर गुर्जर ने उसकी रैकी कर उसका पीछा किया और बाइक ठीक कराने के बाद शाम को घर जा रहा था तो उसका पीछा कर रहे दिलभर गुर्जर ने फोरलेन स्लीप लाइन के पास उसको रोककर धारदार हथियार चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी और आरोपी चाकू को पास के पत्थरों में छिपाकर स्कूटी से फरार हो गया था। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान किया जा रहा है।

# इको कार से 19 पेटी अवैध शराब बरामद, छह गिरफ्तार

- **आरोपी सवारियों की आड़ में शराब को गुजरात ले जाने की फिराक में थे**

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला स्पेशल पुलिस टीम (डीएसटी) ने बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के संचिया के पास अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक पैसेंजर इको गाड़ी से 19 पेटी अवैध शराब बरामद की है। इस मामले में ड्राइवर और 3 महिलाओं सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी मनीष कुमार ने बताया कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। तस्कर इस अभियान से बचने के लिए नए तरीके अपना रहे हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि तस्कर पैसेंजर गाड़ियों में सवारियों की आड़ में अवैध शराब की तस्करी कर रहे हैं। इस सूचना पर डीएसटी की टीम को संचिया वरहात फला की ओर रवाना किया गया। टीम ने अवैध शराब से भरी एक इको कार को रोका।

पुलिस को देखकर ड्राइवर घबरा गया। गाड़ी में सवारियां होने के कारण किसी को शक नहीं हुआ। पुलिस ने जब गाड़ी की तलाशी ली, तो सवारी बैग में ही शराब की 19 पेटियां भरी हुई मिलीं। आरोपी सवारियों की आड़ में शराब को गुजरात ले जाने की फिराक में थे।

पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में प्रवीण (40) पुत्र मीठालाल भगोरा निवासी संचिया, अजय (26) पुत्र विनोद घांसी निवासी कंकाड़ीवास थाना सरदार नगर अहमदाबाद, अजय (23) पुत्र रमेश भाई ठाकोर, आरती (40) पत्नी प्रमोद तमाईचे, सपना (40) पत्नी अजय तमाइचे और राजेश्वरी (33) पत्नी संजू भाई को गिरफ्तार किया है।

# ब्लैकमेल करने का आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** प्रताप नगर थाना पुलिस ने अश्लील वीडियो और आपत्तिजनक फोटो वायरल कर ब्लैकमेल करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि एक महिला ने गत दोनों थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी बेटी की शादी से पहले आरोपी आईदान बंजारा उसकी इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से युवती के आपत्तिजनक फोटो वायरल कर रहा है, इसके बाद पीड़िता के पति को जान से मारने की धमकी देते हुए रुपए की भी मांग की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी आईदान बंजारा पुत्र दुर्गा बंजारा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त कर मामले की जांच शुरू की है।

# 80 लाख रूपये के गबन में सोसायटी की महिला सचिव गिरफ्तार

## मामले में सोसायटी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष को गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस

- **महिला आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया**

**कोटा, (निसं)।** बोरखेड़ा पुलिस टीम ने इलाके के महालक्ष्मीपुरम सोसायटी के फंड व बैंक खातों में जमा करीब 80 लाख रूपये के गबन व हेराफेरी के मामले में वांछित महिला आरोपी सोसायटी की सचिव महालक्ष्मीपुरम् निवासी रेणु तोमर को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में पूर्व में सोसायटी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष को गिरफ्तार कर चूकी है।

बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि 12 दिसम्बर को महालक्ष्मीपुरम् निवासी फरियादी ने रिपोर्ट दी थी कि सोसायटी के कुछ पदाधिकारियों ने सोसायटी फंड व बैंक खातो में जमा तकरीबन 80 लाख रूपये का गबन व हेराफेरी की है। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले में अनुसंधान करते हुए पूर्व में महालक्ष्मीपुरम् सोसायटी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष को गिरफ्तार किया जा चूका था। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में अनुसंधान के बाद आरोप प्रमाणित होने पर कार्यवाही करते हुए सोसायटी की सचिव महिला आरोपी रेणु तोमर (35) को गिरफ्तार किया। महिला आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से महिला आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# झोपड़ियों में लगी आग, हादसा टला

**कोटा, (निसं)।** डकनिया रेलवे स्टेशन के पास रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक से झोपड़ियों में आग लग गई। झोपड़ियों में आग लगने की सूचना पाकर अग्निश्मन विभाग की दमकल मौके पर पहुंची और आग को फैलने से पहले समय रहते आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि जिस समय झोपड़ी में आग लगी, उस समय टापरी में मजदूर अंदर नहीं थे, मजदूर काम के लिये निकल गये थे।

मुख्य अग्निश्मन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि रविवार सुबह डकनिया स्टेशन के पास बनी टापरियों में आग लगने की सूचना मिली, जिस पर तुरंत प्रभाव से दमकल को रवाना किया गया। अग्निश्मन अधिकारी ने बताया कि आग दो टापरियों में फैली थी, समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। डकनिया स्टेशन के पास करीब एक दर्जन से ज्यादा टापरियां बनी हुई है। आग की चपेट में आने से टापरियो में रखे मजदूरों के कपड़े व अन्य सामान जल गये, आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है।

# भीलवाड़ा में खाली पड़े मकानों के नाम पर 10 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी ने दो मकान के फर्जी आवंटन बताकर रुपए की ठगी की थी

- **फर्जी लेटर पैड पर अधिकारियों के फर्जी साइन और सील लगाकर मकान का फर्जी आवंटन किया जा रहा था**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर की प्रताप नगर थाना पुलिस ने राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के खाली पड़े मकानों के नाम पर ठगी का खेल रचने वाले मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया है।

थानाधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के खाली पड़े मकान के नाम पर ठगी का एक खेल रचा जा रहा था। शहर के तिलक नगर विस्तार, चंद्रशेखर आजाद नगर सहित अन्य क्षेत्रों में खाली पड़े मकान बाहर के लोगों को दिखाकर 5 से 10 गुना कम रेट में बेचने का दावा कर फर्जी लेटर पैड पर अधिकारियों के फर्जी साइन और सील लगाकर मकान का फर्जी आवंटन किया जा रहा था। यहां तक कि लेटर पैड पर सचिव नाम से हस्ताक्षर किए गए जबकि हाउसिंग बोर्ड में सचिव नाम की कोई पोस्ट होती ही नहीं है।



गिरफ्तार आरोपी।

इसी तरह से 10 लाख रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी करने वाले मुख्य आरोपी मुकेश नाराणीवाल को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्रताप नगर थाना अधिकारी राजपाल सिंह का कहना है कि जवाहर नगर निवासी भगवती लाल भाट ने नाराणीवाल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया था, इसके बाद जब पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी तो कई चौंकाने वाले खुलासे हुए और पूरी वारदात खुलकर सामने आई। पुलिस ने भगवती लाल की रिपोर्ट पर मुकेश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मुकेश ने भगवती लाल के भतीजे प्रदीप कुमार को दो मकान के फर्जी आवंटन बताकर 10 लाख रुपए की ठगी को अंजाम दिया था। आरोपी ने 26 जुलाई को प्रत्येक प्लॉट के पैठे 5-5 लाख रुपए जमा करवाने की बात कह कर दो-दो लाख ले लिए। बाद में दो मकान के आवंटन होने की रसीद लाकर 6 लाख और लिए गए। आवंटन आदेश मांगा तो टालमटोल करने लगा, तब परिवादी को शंका हुई और उसके बाद मामला थाने तक पहुंचा। उसके बाद पुलिस जांच में यह पूरा खेल खुलकर सामने आ गया।

# महिला पर ब्लैकमेल करने का आरोप, केस दर्ज

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** एक युवक ने साथ में काम करने वाली युवती पर ब्लैकमेल करने के आरोप लगाए हैं। पीड़ित के परिवाद पर जवाहर नगर थाने में केस दर्ज किया गया है। एएसआई राजकुमार अरोड़ा को मामले की जांच सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार पीड़ित युवक जसप्रीतसिंह ने आरोप लगाए हैं कि उसके साथ बीमा एजेंट के रूप में काम करने वाली युवती से दोस्ती हो जाने पर बातचीत होने लगी। आरोपिया ने पिछले साल अगस्त माह में प्रपोज किया। पीड़ित ने स्वयं को शादीशुदा होने का हवाला देकर शादी नहीं कर सकने के बारे में बताया। इस पर आरोपिया ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी दी और मामला निपटाने को पांच लाख रुपए की डिमांड की। पीड़ित ने मामला शांत करने को आरोपिया को ऑनलाइन पेमेंट करनी शुरू की। आरोपिया श्रीगंगानगर में किराए का मकान लेकर रहने लग गई। इसका खर्चा भी पीड़ित उठाता रहा। अब आरोपिया पांच लाख रुपए एकमुश्त मांग रही है और नहीं देने पर गांव में आकर बदनाम करने तथा मुकदमा दर्ज करवाने की धमकियां दे रही है।

डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी, राजस्थान, जयपुर
कार्यालय चुनाव अधिकारी
रमाबाई कांफ्रेंस हॉल, 13-14, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर
क्रमांकः चुनाव/2025/SP.10 दिनांकः 14.12.2025
सूचना
डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान के सभी समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों से पूर्व में चुनाव समिति का स्थापित कार्यालय रमाबाई कांफ्रेंस हॉल, डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी, झालाना डूंगरी जयपुर को स्थानान्तरित कर सी-ब्लाक, रैगर छात्रावास, सांस्थानिक क्षेत्र, JLN मार्ग, दैनिक भास्कर समाचार पत्र कार्यालय के पीछे तथा RAS क्लब के पास कर दिया गया है। चुनाव सम्बन्धी समस्त कार्य रैगर छात्रावास से ही संचालित किये जायेंगे। नामांकन फॉर्म भी वर्तमान कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।
जे.पी. विमल IAS(R) अध्यक्ष चुनाव समिति

# युवा स्वस्थ दिनचर्या का पालन कर फिट रहें और प्रदेश के विकास में योगदान दें : मुख्यमंत्री

## 'राज्य सरकार 92 हजार नियुक्तियां दे चुकी, इस माह भी 20 हजार युवाओं को मिलेंगी नौकरी'

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं से आव्हान किया कि, स्वस्थ दिनचर्या का पालन करते हुए फिट रहें तथा प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान दें, जिससे प्रदेश नई ऊंचाइयों को छू सके। अगर प्रदेशवासी एक कदम आगे बढ़ेंगे तो राजस्थान कई गुना आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री, राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की कड़ी में रविवार को ''रन फॉर विकसित राजस्थान'' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अमर जवान ज्योति से ''रन फॉर विकसित राजस्थान'' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को ''रन फॉर विकसित राजस्थान'' में युवाओं के साथ दौड़े।

- पिछली कांग्रेस सरकार में पेपरलीक हुए; हमने 296 भर्ती परीक्षाएं करवाईं, इनमें से एक का भी पेपरलीक नहीं हुआ : भजनलाल शर्मा

भजनलाल शर्मा ने कहा कि, हमारी सरकार ने बीते दो वर्ष में हर क्षेत्र और हर वर्ग के उत्थान के लिए निर्णय लिए। विशेषकर युवाओं के सशक्तीकरण के लिए ठोस कदम उठाए है। जबकि गत सरकार के समय युवाओं के सपनों को रौंदते हुए अनेक पेपरलीक के प्रकरण हुए थे, जबकि हमारी सरकार के कार्यकाल में 296 भर्ती परीक्षाएं आयोजित की गई, उनमें से एक भी पेपरलीक नहीं हुआ है। हमारा लक्ष्य है कि युवाओं को 5 साल में 4 लाख सरकारी नौकरियां दी जाए। राज्य सरकार ने बीते 2 वर्ष के कार्यकाल में अब तक 92 हजार से अधिक नियुक्तियां प्रदान की है तथा 1.53 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। इस माह भी लगभग 20 हजार पदों पर युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से 8 लाख करोड़ रुपये की ग्राउंड ब्रेकिंग की जा चुकी है।राज्य सरकार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दे रही है, जिससे वे अब रोजगार प्रदाता भी बन रहे है।

युवा मामलात एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने दो वर्ष में हर क्षेत्र में काम किया हैं, जिससे युवाओं को रोजगार के अनेक अवसर मिले हैं। हमारी सरकार राज्य को भारत में अग्रणी स्टेट बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों के साथ दौड़ में हिस्सा लेकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इससे पहले भजनलाल शर्मा ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के पदक विजेताओं का सम्मान भी किया। इस दौरान विधायक कुलदीप, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, शासन सचिव युवा मामले एवं खेल नीरज के. पवन सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी मौजूद रहे।

# राजस्थान में परिवहन और लॉजिस्टिक अवसंरचना मजबूत कर रही सरकार

- पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के चार स्टेशन टू-लेन सड़कों से जुड़े, 8 स्टेशनों का काम शीघ्र होगा पूरा
- 112 करोड़ रुपये की लागत से 59 किलोमीटर लंबी टू-लेन सड़कों का निर्माण
- 564 किलोमीटर फ्रेट कॉरिडोर पर 18 नवीन फ्रेट स्टेशन विकसित कर रही है राज्य सरकार

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं प्रभावी नीतियों के फलस्वरूप राजस्थान में परिवहन तथा लॉजिस्टिक अवसंरचना के विकास की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। राज्य सरकार द्वारा माल परिवहन लागत में कमी लाने एवं औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गत 2 वर्षों में किए गए प्रयास अब मूर्त रूप ले रहे है।

माल परिवहन को और अधिक सुलभ, त्वरित एवं किफायती बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की प्रमुख धुरी माने जाने वाले पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी) के प्रदेश से गुजरने वाले खंड में सभी फ्रेट कॉरिडोर स्टेशनों को ऑल-वेदर टू-लेन सड़कों से जोड़ने का काम किया जा रहा है।

राज्य सरकार द्वारा पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के 12 नवीन स्टेशनों तक कनेक्टिविटी सुदृढ़ करने के लिए लगभग 112 करोड़ रुपये की लागत से 59 किलोमीटर लंबी टू-लेन सड़कों के निर्माण का कार्य प्रगतिरत है। इनमें से चार स्टेशनों- किशनगढ़, मारवाड़ जंक्शन, केशवगंज एवं बनास स्टेशनों तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

अन्य आठ स्टेशनों, श्रीमाधोपुर, सराधना, हरिपुर, चंडावल, जवाली, बिरोलिया, साखून एवं स्वरूपगंज स्टेशनों को भी टू-लेन सड़कों से जोड़ने का कार्य जारी है। इन सड़कों के निर्माण से उद्योगों को कच्चे माल एवं तैयार उत्पादों के परिवहन में सुगमता मिलेगी साथ ही लागत में भी कमी आएगी। लॉजिस्टिक दक्षता में वृद्धि होने के कारण औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा तथा रोजगार के नवीन अवसर उपलब्ध होंगे।

फ्रेट कॉरिडोर की कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ बनाने के लिए बधाल डीएफसीसी टर्मिनल को राष्ट्रीय राजमार्ग-52 से जोड़ने के लिए 95 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही मुख्य जिला सड़क-81 पर बागावास बाईपास के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी की गई है। यहां भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

इसके अतिरिक्त मंडा रीको औद्योगिक क्षेत्र को लालासर (एमडीआर-81) से जोड़ने के लिए 9 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की जा चुकी है एवं कार्य प्रगति पर है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे द्वारा विकसित किए जा रहे 1504 किलोमीटर लंबे पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में से लगभग 564 किलोमीटर का महत्त्वपूर्ण खंड राजस्थान से होकर गुजरता है। इस मार्ग पर 18 नवीन फ्रेट स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं। इनमें से 12 स्टेशन पूर्व में समुचित सड़क सुविधा से वंचित थे। राज्य सरकार की बजट घोषणा के बाद इन सभी स्टेशनों को ऑल वेदर रोड से जोड़ने का काम प्रगति पर है।

# नाहरगढ़ जैविक उद्यान में टाइगर व लायन सफारी बनी आकर्षण का केन्द्र

- 20 दिनों में 30 हजार से ज्यादा सैलानियों ने लिया रोमांचक अनुभव

**जयपुर**। राजधानी जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान में रविवार को पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा। बदलते मौसम के सुहावने मिजाज और छुट्टी के दिन के उत्साह ने पर्यटकों को प्रकृति की गोद में खींच लाया। कुल 4025 सैलानियों ने नाहरगढ़ जैविक उद्यान का भ्रमण कर वन्यजीवों का नजदीक से अवलोकन किया।

इस दौरान लायन सफारी और टाइगर सफारी पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण बनी रहीं। उप वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि 552 पर्यटकों ने दोनों सफारियों का रोमांचक अनुभव प्राप्त किया और शेर व बाघ की चंचल अदाओं को देख उत्साहित हुए। बाघों की गर्जना और शेरों के शाही ठाठ ने पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गौरतलब है कि पर्यटन सीजन में सैलानियों का सैलाब उमड़ रहा है यही कारण है कि विगत 20 दिनों में 30 हजार से अधिक सैलानी टाइगर व लायन सफारी का रोमांचक अनुभव उठा चुका हैं।

उप वन संरक्षक विजयपाल सिंह के निर्देशन में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधाओं और प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एसीएफ देवेंद्र सिंह राठौड़, रेंजर शुभम शर्मा ने रविवार को सफारियों की सघन मॉनिटरिंग की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रेंज अधिकारी शुभम शर्मा की देखरेख में टूरिज्म मैनेजमेंट टीम द्वारा सफारी संचालन और भीड़ नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था की गई।

# युवक से मोबाइल छीन भागे बदमाश

**जयपुर**। गांधी नगर इलाके में बाइक सवार बदमाश पैदल फोन पर बात करते जा रहे युवक के हाथ पर झपट्टा मार आईफोन छीनकर फरार हो गए। अचानक हुई वारदात से पीड़ित घबरा गया और बाइक के नंबर नहीं देख सका। पीड़ित ने थाने पहुंच घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए आसपास नाकाबंदी भी की। लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी। पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी तलाश शुरु कर दी है। हेड कॉन्स्टेबल भरतलाल ने बताया कि रोताश सिंह (33) डीग,कुम्हेर निवासी शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे नारायण सिंह सर्किल से नगर निगम कार्यालय की तरफ पैदल मोबाइल फोन पर बात करता हुआ जा रहा था। इसी दौरान सुबोध कॉलेज के गेट के पास रॉग साइड से आए बाइक सवार बदमाशों ने उसके हाथ पर झपट्टा मारा और आईफोन -13 प्रो छीनकर फरार हो गए। पीड़ित ने बाइक सवार बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन बाइक सवार बदमाश तेज रफ्तार में बाइक चलाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

# अशोक गहलोत का दावा ''90 प्रतिशत अरावली खत्म हो जाएगी'' पूरी तरह भ्रामक और असत्य : राजेन्द्र राठौड़

## 'अरावली श्रृंखला के मानदंड कांग्रेसराज में लागू हुए थे, वर्ष 2003 में जिलेवार नक्शे भी मुख्यमंत्री रहते गहलोत ने जारी किए थे'

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। भाजपा के पूर्व उप नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का यह दावा पूरी तरह भ्रामक और झूठा है कि ''90 प्रतिशत अरावली खत्म हो जाएगी।'' अरावली पर्वतमाला जैसे गंभीर पर्यावरणीय विषय पर सुप्रीम कोर्ट और केन्द्र सरकार के विरूद्ध भ्रम फैलाना दुर्भाग्यपूर्ण है। करीब ढाई अरब साल पुरानी, विश्व की सबसे प्राचीन 700 किमी लंबी अरावली पर्वत श्रृंखला में 100 मीटर का मानदंड केवल ऊंचाई तक सीमित नहीं है। न्यायालय द्वारा स्वीकृत परिभाषा के अनुसार 100 मीटर या उससे ऊंची पहाड़ियों, उनकी ढलानों और दो पहाड़ियों के बीच 500 मीटर के क्षेत्र में आने वाली सभी भू-आकृतियां खनन पट्टे से पूरी तरह बाहर रखी गई हैं, चाहे उनकी ऊंचाई कुछ भी हो। यह व्यवस्था पहले से अधिक सख्त और वैज्ञानिक है।



राजेन्द्र राठौड़

- अरावली सुरक्षित है, सरकार का रुख स्पष्ट है-अरावली पर्वतमाला की सुरक्षा, पर्यावरण संतुलन और कानून का पालन सर्वोपरि रहेगा : राठौड़
- राठौड़ ने कहा कि गत 18 दिसंबर को गहलोत ने ''अरावली बचाओ'' के नाम पर सोशल मीडिया पर अभियान छेड़ा और प्रोफाइल पिक्चर बदली। परंतु राहुल गांधी, खरगे, पायलट अथवा डोटासरा ने अपनी प्रोफाइल फोटो नहीं बदली। यह दर्शाता है कि जो दावा गहलोत कर रहे हैं, उसमें स्वयं उनकी पार्टी का समर्थन भी नहीं है।''

राठौड़ ने रविवार को भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि वास्तविक स्थिति यह है कि अरावली क्षेत्र का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा अभ्यारण्य, राष्ट्रीय उद्यान और आरक्षित वनों में आता है, जहां खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके अलावा पूरे अरावली क्षेत्र में से केवल लगभग 2.56 प्रतिशत क्षेत्र ही सीमित, नियंत्रित और कड़े नियमों के तहत खनन के दायरे में आता है। उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जब तक इंडियन काउंसिल ऑफ फॉरेस्टरी रिसर्च एंड एजुकेशन द्वारा अरावली क्षेत्र का विस्तृत वैज्ञानिक मापन और सतत खनन प्रबंधन योजना तैयार नहीं हो जाती, तब तक कोई नया खनन पट्टा जारी नहीं किया जा सकता। ऐसे में अरावली के नष्ट होने की बात करना अशोक गहलोत का सिर्फ भ्रम फैलाने का प्रयास है।

राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि, कमेटी की बातचीत में यह स्पष्ट तथ्य सामने आए कि अरावली क्षेत्र में खनन को नियंत्रित करने की औपचारिक परिभाषा केवल राजस्थान के पास थी, जो 2002 की कमेटी रिपोर्ट और रिचर्ड मर्फ (1968) के लैंडफॉर्म क्लासिफिकेशन पर आधारित है। इस परिभाषा के अनुसार स्थानीय ऊँचाई से 100 मीटर या उससे अधिक उठने वाली पहाड़ियों और उनकी ढलानों पर खनन प्रतिबंधित है और राजस्थान 9 जनवरी 2006 से इसका पालन कर रहा है। यानी तब से ऐसी पहाड़ियों में कोई खनन पट्टा नहीं दिया गया। इसके बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा यह कहना कि केंद्र सरकार ने अरावली को 100 मीटर में सीमित कर दिया है, यह तथ्यात्मक रूप से गलत है, क्योंकि यही मानदंड कांग्रेस शासनकाल में तय और लागू हुआ था। गत 19 अगस्त 2003 को जिलेवार नक्शे तैयार करने के निर्देश भी अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री रहते जारी किए गए थे। वर्षों तक इस परिभाषा को लागू रखने के बाद आज इसे गलत बताना न्यायिक फैसले को राजनीतिक रंग देने का प्रयास नहीं तो और क्या है ?

राठौड़ ने कहा कि गत 18 दिसंबर को अशोक गहलोत ने ''अरावली बचाओ'' के नाम पर सोशल मीडिया पर एक अभियान शुरू किया और अपनी प्रोफाइल पिक्चर बदली लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि न तो कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, न कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं न कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और न ही पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने अपनी प्रोफाइल पिक्चर बदली। यह साफ दर्शाता है कि जिस अभियान का दावा किया जा रहा है, उसमें स्वयं उनकी पार्टी का समर्थन भी उनके साथ नहीं है।

उन्होंने कहा कि जब किसी मुद्दे पर पार्टी के शीर्ष नेता भी उनके साथ खड़े न हों, तो स्पष्ट हो जाता है कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण नहीं, बल्कि राजनीतिक दिखावा है। अरावली जैसे संवेदनशील विषय पर प्रतीकात्मक राजनीति नहीं, बल्कि न्यायालय के आदेशों और वैज्ञानिक तथ्यों के अनुसार ठोस कार्रवाई की आवश्यकता होती है।

राठौड़ ने कहा कि सर्वे ऑफ इंडिया के विश्लेषण से स्पष्ट है कि कमेटी की परिभाषा लागू होने पर अरावली क्षेत्र में खनन नहीं बढ़ेगा बल्कि और अधिक सख्ती आएगी। राजस्थान के राजसमंद में 98.9 प्रतिशत, उदयपुर में 99.89 प्रतिशत, गुजरात के साबरकांठा में 89.4 प्रतिशत और हरियाणा के महेंद्रगढ़ में 75.07 प्रतिशत पहाड़ी क्षेत्र खनन से प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा, राष्ट्रीय उद्यान, इको-सैंसिटिव ज़ोन, रिज़र्व एवं प्रोटेक्टेड फ़ॉरेस्ट और वेटलैंड्स में खनन पूरी तरह बंद है। वर्तमान में अरावली क्षेत्र के 37 ज़िलों में कुल भौगोलिक क्षेत्र का केवल 0.19 प्रतिशत (277.89 वर्ग किमी) हिस्सा ही कानूनी खनन पट्टों के अंतर्गत है जिसमें भी लगभग 90 प्रतिशत खनन राजस्थान, नौ प्रतिशत गुजरात और एक प्रतिशत हरियाणा तक सीमित है। इसलिए 90 प्रतिशत अरावली पहाड़ियों के खत्म होने की बात कानूनी और भौगोलिक रूप से पूरी तरीके से असत्य है।

# ''सियाचिन'' में भारतीय सेना की वीरगाथा मंच पर जीवंत

- रंगमंच, कला और संस्कृति के रंगों से रूबरू कराकर विदा हुआ जयरंगम

**जयपुर**। रंगमंच की रंगत, कला एवं संस्कृति के सौंदर्य से सराबोर करने वाले 14वें जयरंगम (जयपुर रंग महोत्सव) का रविवार को समापन हुआ। फेस्टिवल में कला प्रेमियों ने न केवल बेहतरीन नाटक देखे बल्कि संगीत और संस्कृति से भी रूबरू हुए। अंतिम दिन जयपुर वॉल्ड सिटी में हेरिटेज वॉक के साथ दिन की शुरुआत हुई।

कृष्णायन में श्रीनिवास बिसेट्टी के नाटक 'वेटिंग फॉर नसीर' का मंचन हुआ। वहीं प्रियाक्षी अग्रवाल द्वारा शोध-आधारित प्रस्तुति 'नंगा कपड़ा' महिलाओं की मुखर आवाज बनकर उभरी

रंगायन में मकरंद देशपांडे का नाटक 'सियाचिन' में भारतीय सेना की वीरगाथा को मंच पर जीवंत किया गया। सौरभ नायर द्वारा निर्देशित नाटक 'गोल्डन जुबली' के मनोरंजक मंचन के साथ जयरंगम-2025 का भव्य समापन हुआ। फेस्टिवल डायरेक्टर मन गेरा ने बताया कि जयरंगम में इस वर्ष स्पॉटलाइट के तहत महिला निर्देशकों के नाटकों को मंच प्रदान किया, अगले सीजन में नए नाटकों और बेहतरीन प्रस्तुतियों के साथ जयरंगम समाज के हर वर्ग की सशक्त आवाज बनकर सामने आएगा। ये भारतीय सेना के जवानों का जज्बा है जो न रेगिस्तान में सूरज की आग से जलता है ना ही सियाचिन में बर्फीली हवाओं से जमता है। रंगायन के मंच पर मकरंद देशपांडे के निर्देशन में खेले गए सियाचिन नाटक में बर्फ से ढकी पहाड़ियों पर बनी भारत की सरहद की सुरक्षा कर रहे सैनिकों के बलिदान को बयां किया गया। समुद्र तल से 21 हजार फीट ऊंची सियाचिन की पोस्ट पर चार जवान तैनात है। यह पोस्ट तूफान का शिकार हो जाती है। इनमें से एक जवान की जिंदगी इसकी भेंट चढ़ जाती है। तीनों असहनीय परिस्थितियों में भी पोस्ट पर डटे रहते है और सहायता का इंतजार करते है। हालात बद से बदतर होते जाते है। तीनों जवान अंतिम श्वास तक अपनी पोस्ट पर डटे रहते है क्योंकि फर्ज उन्हें याद दिलाता है कि देश की एक इंच जमीन पर भी दुश्मन की नजर नहीं पड़नी चाहिए। आदित्य रावल, ज़हान कपूर, निकेतन शर्मा, चित्रांश, जतिन सरीन, रोहित मेहरा, श्रुति, वैभव जाधव, अक्षय खैरे, मोहित कुमार सोलंकी और अभिषेक मिश्रा ने भूमिका निभाई।

# एलईडी वैन से गांव-गांव पहुंच रहीं सरकार की उपलब्धियां



- विकास रथ बने ग्रामीणों के आकर्षण का केन्द्र, योजनाओं की जानकारी से हो रहे रूबरू

**जयपुर**। वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित 2 साल : नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत जयपुर जिले में विकास रथों के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विकास रथ (एलईडी वैन) द्वारा जिले की विभिन्न विधानसभाओं के गांव-गांव तक पहुँचकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुँचाई जा रही है।

इसी कड़ी में रविवार को जिले की पांच विधानसभाओं के विभिन्न ग्रामों में एलईडी वैन के माध्यम से विकास रथों ने भ्रमण कर ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। एलईडी स्क्रीन पर ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियों के जरिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा बीते दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, महिला सशक्तिकरण, किसानों के हित में लिए गए निर्णयों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी एवं रोजगार से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया।

उल्लेखनीय है कि जयपुर जिले की सभी 17 विधानसभाओं में विकास रथों के माध्यम से यह प्रचार-प्रसार अभियान संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सरकार की विकास यात्रा को अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचाना, पारदर्शिता के साथ उपलब्धियों से अवगत कराना तथा आमजन को सरकार की योजनाओं से सीधे जोड़ना है।

यह जनसंपर्क अभियान न केवल सरकार की जनकल्याणकारी सोच को सशक्त रूप से प्रस्तुत कर रहा है, बल्कि आमजन में विश्वास, सहभागिता एवं जागरूकता को भी सुदृढ कर रहा है।

# 3 साल से फरार साइबर ठग पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर**। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे दस हजार रुपए के इनामी साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बिजली बिल अपडेट कराने के नाम पर बुजुर्ग से चार लाख रुपए से अधिक की ठगी कर फरार हो गया था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व सजीव नैन ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे दस हजार रुपए के इनामी साइबर ठग कुलदीप (28) निवासी आदमपुर जिला हिसार (हरियाणा) को दबोच लिया। जिसे पुलिस टीम ने हरियाणा एसटीएफ के सहयोग से हरियाणा से दबोचा है। थानाधिकारी आशुतोष सिंह ने बताया कि 17 अक्टूबर 2022 को मालवीय नगर निवासी 77 वर्षीय श्याम सुंदर वैष्णव ने रिपोर्ट दी थी कि 13 अक्टूबर को उनके मोबाइल पर कॉल कर खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताने वाले व्यक्ति ने बिजली बिल अपडेट न होने की बात कही। इसके बाद आरोपी ने एक एप डाउनलोड करवाकर नेट बैंकिंग के जरिए खाते से 4 लाख 55 रुपए से अधिक की राशि निकाल ली। साथ ही पीड़ित के पेटीएम वॉलेट से भी रकम ट्रांसफर कर ली गई। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल (आरपीएस) और सहायक पुलिस आयुक्त विनोद शर्मा (आरपीएस) के निर्देशन में जवाहर सर्किल थानाधिकारी आशुतोष सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर आरोपी लगातार ठिकाने पर दबिश दी।

# ''अरावली बचाओ-जीवन बचाओ'' सत्याग्रह शुरू

## हजारों लोगों ने अंबेडकर सर्किल तक पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के नेतृत्व निकाली पदयात्रा

**जयपुर** (कासं)। पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के नेतृत्व में रविवार को ''अरावली बचाओ-जीवन बचाओ'' सत्याग्रह की शुरुआत हुई। इस दौरान खाचरियावास हाउस से अंबेडकर सर्किल तक हजारों लोगों ने पदयात्रा निकाली और सचिवालय के पास बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के नीचे 45 मिनट का मौन सत्याग्रह कर आंदोलन का आगाज किया।



''अरावली बचाओ'' के नारों के साथ सैकड़ों लोगों ने रविवार को जयपुर में रैली निकाली।

- अरावली पर्वतमाला राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, दिल्ली सहित आधे हिंदुस्तान को रेगिस्तान बनने से बचाने, वर्षा, हरियाली, स्वच्छ हवा और पर्यावरण संतुलन रखने में भूमिका निभाती है : प्रताप सिंह

खाचरियावास ने भाजपा सरकार पर अरावली पर्वतमाला को समाप्त करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसके लिए पूरी तरह केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार जिम्मेदार है। भाजपा नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ झूठ के जनरेटर हैं और सरकार जनता को गुमराह कर रही है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के पर्यावरण मंत्रालय ने एक कमेटी गठित की, जिसने उद्योगपतियों से सांठगांठ कर गलत रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश की। इस रिपोर्ट में 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को अरावली नहीं मानने की सिफारिश की गई, जिससे 90 प्रतिशत अरावली पहाड़ियों खत्म होने का खतरा पैदा हो गया। खाचरियावास ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सहमत नहीं हैं और केंद्र सरकार को अपना रुख बदलते हुए अदालत में पुनर्विचार याचिका दायर करनी चाहिए। अन्यथा संघर्ष और टकराव होगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि चाहे कितनी भी बड़ी ताकत लगा दी जाए, अरावली में किसी भी कीमत पर खनन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अरावली पर्वतमाला राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, दिल्ली सहित आधे हिंदुस्तान को रेगिस्तान बनने से बचाने, वर्षा, हरियाली, स्वच्छ हवा और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है।

यदि अरावली खत्म हुई तो जीवन संकट में पड़ जाएगा। खाचरियावास ने यह भी कहा कि माइंस एंड मिनरल्स केंद्र सरकार का विषय है और पर्यावरण से जुड़े सभी अधिकार केंद्र के पास हैं। ऐसे में पूर्व की कांग्रेस सरकारों पर जिम्मेदारी डालना सरासर झूठ है। भाजपा सरकार की कमेटी की रिपोर्ट के कारण ही यह स्थिति बनी है और फैसला तुरंत बदला जाना चाहिए।

पदयात्रा के दौरान लोग हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर अरावली बचाओ-जीवन बचाओ के नारे लगाते हुए अंबेडकर सर्किल पहुंचे। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर पदयात्रियों का स्वागत किया। सत्याग्रह में बड़ी संख्या में आमजन और सामाजिक संगठन शामिल हुए।

# अलमाइटी इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी कॉन्क्लेव

**जयपुर**। सदियों पुराने वैदिक विज्ञानों को आधुनिक युग की चेतना से जोड़ते हुए रविवार को जयपुर में ऐतिहासिक अध्याय जुड़ा, जब अलमाइटी इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी कॉन्क्लेव (एआईएसी) सीजन-2 का आगाज़ हुआ। ऑलमाइटी इंटरनेशनल द्वारा इंटरनेशनल वास्तु अकादमी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वासुदेव देवनानी उपस्थित रहे। इस राष्ट्रीय स्तर के कॉन्क्लेव में देशभर से प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, वास्तु विशेषज्ञ, आध्यात्मिक गुरु, ओकल्ट साइंस एक्सपर्ट्स प्रोफेशनल्स ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ डॉ. रोशनी टाक, स्वामी अमित देव, अनूपम जॉली, पं. अशोक दीक्षित, डॉ. एके दुबे, पद्मेश कानपुर, अजय भाम्बी, स्वामी पद्मनाभ महाराज, पं. ज्योति शर्मा, डॉ. विनोद शर्मा, पं. सतीश शर्मा और डॉ. मेघा शर्मा द्वारा किया गया। एआईएसी की संस्थापक डॉ. मेघा शर्मा और पेट्रोन पं. सतीश शर्मा ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी पद्मनाभदेवाचार्य ने आध्यात्मिक संबोधन से जनसमूह को आत्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत किया। मेडिटेशन मंत्र सत्र में निर्मला सेवानी ने वातावरण को ऊर्जावान बनाया। महिला ज्योतिष ऑरा सत्र का संचालन करते हुए आरजे देवांगना ने आज की महिला के बारे में डॉ. मेघा शर्मा, पं. ज्योति शर्मा, डॉ. रोशनी टाक और पूजा शर्मा से बात की, जिसमे ये निष्कर्ष निकला कि आज की नारी अक्सर ज्योतिषचार्यों से परिवार के बारे में पूछती है।

# लखपति दीदियां अग्रणी राजस्थान की उभरती हुई तस्वीर हैं- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने ओटीएस में आयोजित लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया

जयपुर, 21 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लखपति दीदियां हमारे अग्रणी राजस्थान की उभरती हुई तस्वीर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिलाओं को सशक्त, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को लखपति दीदी योजना के माध्यम से पूरा किया जा रहा है तथा अब प्रदेश की लखपति दीदियां मिलेनियर दीदियां बनने की ओर अग्रसर हैं।

शर्मा रविवार को हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान (ओटीएस) में लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजीविका हमारी बहनों के सशक्तिकरण, स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की अहम कड़ी के साथ ही गांवों में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का माध्यम बन रहा है। हमारी सरकार का संकल्प है कि 'हर हाथ को हुनर, हर घर को रोजगार' मिले और राजीविका इस संकल्प को पूरा करने का सबसे सशक्त माध्यम है।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजीविका के माध्यम से संघर्ष और सफलता की प्रेरणा बनी बहनों की कहानियां महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई ऊर्जा की प्रतीक हैं।**




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने लखपति दीदी योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सखियों को टेबलेट देकर सम्मानित किया।*

मुख्यमंत्री ने संघर्ष और सफलता की प्रेरणा बनी बहनों का उल्लेख करते हुए कहा कि जयपुर के फागी की सुशीला देवी ने पारंपरिक ब्लू पॉटरी कला को अपनाकर अपने सीमित संसाधनों में भी जीवन को नई दिशा दी।

स्वयं सहायता समूह के सहयोग से उत्पादन बढ़ाने के बाद उन्होंने अपने उत्पादों को आदिवासी मेलों के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों तक पहुंचाया। इसी तरह सरिता कंवर ने राजीविका के माध्यम से सिलाई व्यवसाय शुरू किया और धीरे-धीरे घरेलू उद्योग स्थापित किया।

करौली जिले की अरुणा शर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त कर बेकरी व्यवसाय शुरू किया। धीरे-धीरे उन्होंने नए उत्पाद विकसित किए और अब उनके उत्पाद दूसरे जिलों और राज्य के बाहर लगने वाले मेलों में भी बिकते हैं। उन्होंने कहा कि ये कहानियां महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा की प्रतीक हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में 19 लाख 45 हजार महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर 12 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाई हैं। हमने लाडो प्रोत्साहन योजना शुरू की। इसके तहत डेढ़ लाख रुपये की राशि दी जा रही है। इसी तरह छात्राओं को 10 लाख 51 हजार साइकिलें और लगभग 40 हजार स्कूटियां देकर बालिका शिक्षा को गति दी है।

शर्मा ने कार्यक्रम में लखपति दीदी योजना में उत्कृष्ट सखियों को टेबलेट वितरित किए। उन्होंने कहा कि तकनीक के साथ कदम मिलाकर बहनें अब डिजिटल दुनिया से भी जुड़ सकेंगी।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि आज महिलाएं केवल घर की चारदीवारी तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि हर क्षेत्र में अपनी निर्णायक भूमिका निभा रही है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

# अमेरिका ने वेनेज़ुएला से तेल ले जा रहा टैंकर जब्त किया

नयी दिल्ली, 21 दिसंबर। अमेरिका ने वेनेज़ुएला से हाल ही में रवाना हुए एक तेल टैंकर को जब्त कर लिया है। यह जानकारी अमेरिकी आंतरिक सुरक्षा विभाग ने दी है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह इस महीने दूसरी बार है जब अमेरिका ने अपने तट के पास एक तेल ले जाने वाले जहाज को जब्त किया है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह कार्रवाई उस समय हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा था कि वे वेनेज़ुएला से आने-जाने वाले प्रतिबंधित तेल टैंकरों पर "नाकाबंदी" का आदेश दे रहे हैं। वेनेज़ुएला ने इस नवीनतम जब्ती की निंदा की है और इसे "चोरी और अपहरण" करार दिया है। वेनेज़ुएला पहले भी अमेरिका पर अपने संसाधनों को चुराने का आरोप लगा चुका है। वेनेज़ुएला सरकार के एक बयान में कहा गया, "ये कृत्य बिना सजा के नहीं रहेंगे।" सरकार ने कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और "अन्य बहुपक्षीय एजेंसियों तथा दुनिया के देशों" के पास शिकायत दर्ज कराएगी। यह ऑपरेशन अमेरिकी कोस्ट गार्ड के नेतृत्व में किया गया, जो इस महीने की शुरुआत में हुई कार्रवाई जैसा ही था।

# दौसा-मनोहरपुर हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने पुलिस कांस्टेबल को कुचला

## छुट्टी पर आया कांस्टेबल रात को खेत पर बन रहे नए मकान पर सोने के लिए जा रहा था

जयपुर, 21 दिसम्बर। जयपुर ग्रामीण जिले के रायसर थाना इलाके में दौसा-मनोहरपुर हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने पुलिस कांस्टेबल को कुचल दिया, कांस्टेबल की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक कार सहित फरार हो गया। पुलिस ने रविवार सुबह निम्स हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

थानाधिकारी हेमराज सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान अजबपुरा गांव निवासी राहुल बुनकर (28) के रूप में हुई है। राहुल उदयपुर जिले में गोगुंदा उपखंड अधिकारी के पीएसओ के रूप में तैनात था और तीन दिन पहले ही छुट्टी लेकर घर आया था।

- **पुलिस की जाँच में पता लगा कि हादसे में शामिल कार का रजिस्ट्रेशन नंबर उत्तर प्रदेश का है। कार को नीमराणा क्षेत्र में ट्रैक किया गया है। चालक की तलाश जारी है।**

पुलिस के अनुसार राहुल रात को खाना खाने के बाद घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत में बन रहे अपने नए मकान पर सोने के लिए पैदल जा रहा था। इसी दौरान घर से कुछ ही दूरी पर दौसा-मनोहरपुर हाईवे पर सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। सड़क पर गिरे राहुल को कार चालक रौंदता हुआ मौके से फरार हो गया।

राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन गंभीर रूप से घायल राहुल को निम्स हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि हादसे में शामिल कार का रजिस्ट्रेशन नंबर उत्तर प्रदेश का है। जिसे नीमराणा क्षेत्र में ट्रेस किया गया है। चालक की तलाश की जा रही है।

राहुल के परिवार में माता-पिता के अलावा पत्नी और दो साल का बेटा है। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# रेलवे ने लंबी दूरी की यात्रा का किराया बढ़ाया

- **215 किमी से अधिक की यात्रा पर एक से दो पैसे प्रति किमी भाड़ा बढ़ा**
- **रेलवे के अनुसार, उसे इस बदलाव से सालाना 600 करोड़ रूपऐ की अतिरिक्त आमदनी होगी।**

नयी दिल्ली, 21 दिसंबर। रेलवे ने यात्री किराये के ढांचे में बदलाव करने का निर्णय लिया है, जिसके कारण लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रति किलोमीटर एक से दो पैसे अधिक चुकाने पड़ेंगे। नयी दरें 26 दिसंबर से प्रभावी होंगी।

रेलवे की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि 215 किलोमीटर से कम दूरी की यात्रा करने वालों और मासिक सीजन टिकट की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। रेलवे के मुताबिक 215 किमी से ज्यादा के सफर पर साधारण श्रेणी के किराये में प्रति किमी एक पैसा किमी की बढ़ोतरी की गयी है। वहीं, मेल/एक्सप्रेस में गैर वातानुकुलित श्रेणी दो पैसा प्रति किमी किराया बढ़ाया जाएगा। इसके साथ एसी श्रेणी में भी दो पैसा प्रति किमी की बढ़ोतरी की गयी है। इसी तरह से गैर वातानुकुलित श्रेणी में 500 किमी की यात्रा करने पर पर यात्रियों को कुल मिलाकर मौजूदा किराया से 10 रुपये ज्यादा देने पड़ेंगे। रेलवे के मुताबिक इस बदलाव से उसे सालाना 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आमदनी होगी। रेलवे ने 215 किलोमीटर से कम के सफर पर किराए में वृद्धि नहीं की है। यानी कम दूरी की यात्राएं पहले की तरह ही रहेंगी। इसके अलावा, रोजाना सफर करने वाले यात्रियों के लिए भी राहत की खबर है। रेलवे ने उपनगरीय ट्रेनों और मंथली सीजन टिकट (एमएसटी) की टिकटों के दामों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों में लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले लाखों यात्रियों पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। रेलवे के सूत्रों के मुताबिक टिकटों के दामों में बढ़ोतरी परिचालन लागत में हो रही वृद्धि और अवसंरचना विकास परियोनाओं के लिए राशि की पूर्ति के लिए जरूरी है।

## महाराष्ट्र निकाय ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

स्वीकार कर ली है। कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि उसने महायुति को फायदा पहुंचाने में भूमिका निभाई। राज्य कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सापकाल ने यहां तक कहा, 'बीजेपी की ये जीत एक अलार्म है शिंदे और अजित पवार के लिए। बहुत जल्द बीजेपी दोनों सहयोगियों को बाहर का रास्ता दिखा देगी।' वहीं, इस नतीजे के बाद केंद्रीय गृह मंत्री और बीजेपी के चुनावी रणनीतिकार अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि यह नतीजा जनता का आशीर्वाद है। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा किए गए जनकल्याण कार्यों पर जनता का भरोसा दिखाता है।

महाराष्ट्र में नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों में भारी जीत पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि 129 शहरों के नगराध्यक्ष भाजपा के चुने गए हैं। 75 प्रतिशत नगराध्यक्ष महायुती के हैं। मोदी जी की सकारात्मकता और हमारे नेता अमित शाह जी, नड्डा जी, नबीन जी ने हम पर जो विश्वास जताया, वह हम सार्थक कर सके, इसका आनंदहै।

## 'बाँग्लादेश ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की भी मांग की। किसी भी समय बाड़ तोड़ने या सुरक्षा की स्थिति खराब करने की कोई कोशिश नहीं की गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने कुछ ही मिनटों में ग्रुप को तितर-बितर कर दिया। इन घटनाओं के विज़ुअल सबूत सभी के देखने के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं। भारत वियना कन्वेंशन के अनुसार अपने क्षेत्र में विदेशी मिशनों/पोस्टों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।" जायसवाल ने कहा कि भारत बांग्लादेश में बदलती स्थिति पर कड़ी नज़र रखे हुए है। उन्होंने कहा, "हमारे अधिकारी बांग्लादेशी अधिकारियों के संपर्क में हैं और हमने अल्पसंख्यकों पर हमलों पर कड़ी चिंता जताई है। हमने यह भी आग्रह किया है कि दास की बर्बर हत्या के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए।"

## दिल्ली ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हालांकि, कुछ सुधार दिखा है। शनिवार को कई इलाकों में एक्यूआई 500 के पार चला गया था। रविवार को दिन चढ़ने के साथ वायु गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ। दोपहर करीब 12 बजे पीएम10 कणों का स्तर 270 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और अधिक खतरनाक पीएम 2.5 का स्तर 200 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया।

# बहुचर्चित एप्स्टीन दस्तावेजों की 16 फाइलें गायब

## अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के एप्स्टीन के साथ संबंध बताए जाते हैं, पर अभी तक कोई विशिष्ट सबूत सामने नहीं आया है

वाशिंगटन, 21 दिसंबर। अमेरिकी विधि विभाग की वेबसाइट के उस विभाग से कम से कम 16 फाइलें गायब हो गई हैं, जहाँ फाइनेंसर जेफरी एप्स्टीन के मामले से संबंधित दस्तावेज प्रकाशित किये गये थे।

- **फायनैंसर जैफरी एप्स्टीन पर 2019 में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में सेक्स ट्रैफिकिंग और अपराध करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था। अमेरिकी विधि विभाग ने कांग्रेस में पारित कानून के तहत एप्स्टीन मामले की कुछ सामग्री जारी की थी।**

अमेरिकी विधि विभाग ने शनिवार को कांग्रेस में डेमोक्रेटिक पार्टी और कई रिपब्लिकन सांसदों के समर्थन से पारित एक कानून के तहत एप्स्टीन मामले की कुछ सामग्री जारी की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के एप्स्टीन के साथ संबंध होने का संदेह है, हालांकि अभी तक कोई विशिष्ट सबूत पेश नहीं किया गया है कि अमेरिकी नेता बच्चों के यौन शोषण में शामिल थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, गायब फाइलों में नग्न महिलाओं की पेंटिंग की तस्वीरें शामिल थीं। साथ ही एक ऐसी तस्वीर भी गायब है जिसमें एक ड्रेसर और दराजों पर रखी तस्वीरों की एक श्रृंखला दिखाई गई थी, जिसमें एप्स्टीन, मेलानिया ट्रंप और एपस्टीन की लंबे समय तक सहयोगी रही गिसलेन मैक्सवेल के साथ ट्रंप की एक तस्वीर भी शामिल थी।

गौरतलब है कि एप्स्टीन पर 2019 में संयुक्त राज्य अमेरिका में सेक्स ट्रैफिकिंग और अपराध करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था, जिसमें उसे 40 वर्षों से अधिक की जेल का सामना करना पड़ सकता था।

अभियोजकों के अनुसार, 2002 और 2005 के बीच एपस्टीन ने दर्जनों नाबालिग लड़कियों के साथ यौन संबंध बनाए, जिन्हें उसने न्यूयॉर्क और फ्लोरिडा में अपने आवासों पर बुलाया था। वह उन्हें नकद भुगतान करता था और फिर कुछ पीड़ितों को और लड़कियों को लाने के लिए रिक्रूटर्स के रूप में नियुक्त करता था। कुछ पीड़ितों की उम्र मात्र 14 वर्ष थी।

जुलाई 2019 की शुरुआत में न्यूयॉर्क शहर की एक मैनहटन अदालत ने एप्स्टीन की पेशी के बाद उसे हिरासत में रखने का आदेश दिया और जमानत देने से इनकार कर दिया था। उसी वर्ष जुलाई के अंत में यह बताया गया कि एप्स्टीन जेल की एक सेल में आधी-बेहोशी की हालत में पाया गया था और बाद में उसकी मौत हो गयी थी। जाँच में निष्कर्ष निकाला गया कि उसने आत्महत्या की थी।

एप्स्टीन मामले में जनता की दिलचस्पी तब फिर से बढ़ गई जब ट्रंप प्रशासन वादे के मुताबिक फाइलों को सार्वजनिक करने में विफल रहा।

अमेरिकी राष्ट्रपति की आलोचना तब और तेज हो गई जब फेडरल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) और विधि विभाग ने कहा कि एप्स्टीन ने प्रभावशाली व्यक्तियों को ब्लैकमेल नहीं किया था और न ही कोई क्लाइंट लिस्ट रखी थी, जबकि अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने इसके विपरीत दावा किया था।

# न्यूज़ीलैंड में सिखों के नगर कीर्तन का विरोध

अमृतसर, 21 दिसंबर। न्यूज़ीलैंड के साउथ ऑकलैंड में शनिवार को सिख समुदाय की ओर से आयोजित नगर कीर्तन के रास्ते को कुछ स्थानीय लोगों ने रोक दिया और विरोध प्रदर्शन किया। इन प्रदर्शनकारियों ने "दिस इज न्यूजीलैंड, नॉट इंडिया" और "यह हमारी जमीन है, हमें रहने दो" जैसे बैनर लहराए।

नगर कीर्तन गुरुद्वारा नानकसर ठाठ इशर दरबार से शुरू होकर अपने स्थान पर लौट रहा था। तभी करीब 30-35 स्थानीय प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन शुरू किया। यह लोग अपोस्टल बिशप ब्रायन तामाकी से जुड़े थे जो पेंटेकोस्टल चर्च के प्रमुख हैं। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी के साथ हाका प्रदर्शन भी किया। हालांकि, न्यूजीलैंड पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और प्रदर्शनकारियों को रास्ते से हटा दिया।

इस विरोध के दौरान सिख समुदाय के लोग असमंजस में पड़ गए क्योंकि विरोध की कोई स्पष्ट वजह नहीं थी। सिख समुदाय ने पूरी तरह से संयम दिखाया। न्यूज़ीलैंड पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर शांति बनाई और नगर कीर्तन को गुरुद्वारे तक पहुंचने दिया।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस घटना पर कहा कि न्यूज़ीलैंड एक विकसित देश है और इस प्रकार की घटना वहां पहले कभी नहीं देखी गई।

# तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा पार्षदों ने आरएसएस का प्रार्थना गीत गाया

## वाम मोर्चा ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि विशिष्ट वैचारिक संगठन से जुड़ा गीत गाना मर्यादा का उल्लंघन है

तिरुवनंतपुरम, 21 दिसंबर। केरल के तिरुवनंतपुरम नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान रविवार को उस समय विवाद खड़ा हो गया, जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पार्षदों ने परिषद हॉल के अंदर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ा एक प्रार्थना गणगीत गाया।

शपथ ग्रहण समारोह में कुल 100 पार्षदों ने शपथ ली, जिनमें भाजपा के 50, वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के 29, संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के 19 और दो निर्दलीय पार्षद शामिल थे। औपचारिक प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद भाजपा पार्षद अपनी जगह पर खड़े हो गए और परम पवित्र शब्दों से शुरू होने वाले गणगीत का गान किया। पारंपरिक रूप से यह गीत आरएसएस की शाखाओं में गाया जाता है।

भाजपा पार्षदों के इस कदम का विपक्षी सदस्यों ने कड़ा विरोध किया।

- **भाजपा पार्षदों का कहना है कि गणगीत एक सांस्कृतिक और भक्तिपूर्ण प्रार्थना है। इसका उद्देश्य विवाद पैदा करना नहीं है।**

एलडीएफ पार्षदों ने आरोप लगाया कि एक आधिकारिक नागरिक समारोह के दौरान एक विशिष्ट वैचारिक संगठन से जुड़ा गीत गाना मर्यादा का उल्लंघन है। उन्होंने इसे संवैधानिक ढांचे में धार्मिक और वैचारिक प्रतीकों को शामिल करने का प्रयास बताया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ( माकपा) के पार्षदों ने इसे "सांप्रदायिक एजेंडा" थोपने और औपचारिक संवैधानिक समारोह की पवित्रता को कम करने की कोशिश करार दिया। आलोचनाओं का जवाब देते हुए भाजपा पार्षदों ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि गणगीत एक सांस्कृतिक और भक्तिपूर्ण प्रार्थना है और इसका उद्देश्य विवाद पैदा करना नहीं था। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि अन्य दलों के सदस्यों ने भी समारोह के दौरान नारेबाजी की थी और उनके इस कृत्य से शपथ ग्रहण प्रक्रिया के किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं हुआ है।

# पुलिस ने सरना डूंगर में नकली घी बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

## मौके पर 7500 लीटर नकली घी बरामद हुआ तथा चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 21 दिसम्बर। खोरा बिसल पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) पश्चिम ने सरना डूंगर फैक्ट्री एरिया में नकली घी बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया और मौके से 7500 लीटर नकली घी बरामद किया। पुलिस ने चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। जबकि एक मुख्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

- **पुलिस के अनुसार, वनस्पति घी और रिफाइंड सोयाबीन ऑयल में एसेंस मिलाकर नकली घी तैयार किया जाता था। फैक्ट्री में सरस, अमूल, लोटस व कृष्णा आदि, नामी ब्रांड के नाम नकली घी की पैकिंग की जा रही थी।**

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि फैक्ट्री में सरस, अमूल, लोटस, कृष्णा सहित अन्य नामी ब्रांड के नाम से नकली घी की पैकिंग की जा रही थी। घी को 15 किलो, 1 किलो और 500 ग्राम के डिब्बों में भरकर बाजार में सप्लाई किया जाता था। जांच में सामने आया कि वनस्पति घी और रिफाइंड सोयाबीन ऑयल में एसेंस मिलाकर नकली घी तैयार किया जा रहा था। फैक्ट्री से कच्चे माल के 10 पीपे, घी बनाने की मशीन, करीब 8 हजार नकली रैपर और अन्य पैकेजिंग सामग्री जब्त की गई है।

प्रारंभिक जांच में रोजाना लगभग 2000 लीटर नकली घी तैयार किए जाने का खुलासा हुआ है। फैक्ट्री के भीतर शटर बंद कर चोरी-छिपे यह अवैध कारोबार चलाया जा रहा था और नकली घी सीधे दुकानदारों को सप्लाई किया जाता था। मौके पर खाद्य सुरक्षा विभाग और सरस डेयरी के अधिकारियों को बुलाकर जांच कराई गई। सरस ब्रांड के दुरुपयोग को लेकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने कॉपीराइट एक्ट, ट्रेडमार्क एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार्रवाई की सूचना पर खाद्य सुरक्षा विभाग और सरस डेयरी के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और नमूने लिए। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर नकली घी के सप्लाई नेटवर्क और अन्य संलिप्त लोगों की जानकारी जुटा रही है।

## राष्ट्रपति ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इससे पहले संसद ने देश के ग्रामीण रोज़गार और विकास ढांचे में एक निर्णायक सुधार का मार्ग प्रशस्त करते हुये इस विधेयक को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम, 2005 (मनरेगा) के स्थान पर पेश किया था जिसे संसद के दोनों सदनों की मंजूरी मिल गयी थी। यह अधिनियम आजीविका सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाला एक आधुनिक वैधानिक ढांचा प्रदान करता है, जो विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विज़न के अनुरूप है।

यह अधिनियम प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिनों के मज़दूरी रोज़गार की वैधानिक गारंटी प्रदान करता है, बशर्ते परिवार के वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हों।

पूर्व में उपलब्ध 100 दिनों के रोजगार के अधिकार की तुलना में यह वृद्धि ग्रामीण परिवारों की आजीविका को सुरक्षा प्रदान करती है, काम को पहले से अनुमानित करती है और उनकी आय को अधिक स्थिर बनाती है। इसके साथ ही उन्हें राष्ट्रीय विकास में अधिक प्रभावी और सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाती है।

# छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूर की केरल में मॉब लिंचिंग से मौत

## 'यह घटना देश भर में काम करे रहे प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा पर चिंता बढ़ाती है'

रायपुर, 21 दिसंबर। केरल के पलक्कड़ जिले में छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूर रामनारायण बघेल की कथित मॉब लिंचिंग से हुई निर्मम हत्या को लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्ष के नेता डॉ. चरणदास महंत ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस मामले में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर त्वरित हस्तक्षेप, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

- **छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्ष के नेता चरणदास महंत ने यह भी कहा कि राज्य सरकार को केरल सरकार से तत्काल समन्वय स्थापित करके निष्पक्ष, त्वरित व कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करनी चाहिए।**
- **महंत ने कहा कि केवल संदेह के आधार पर प्रवासी मजदूर की पीट-पीट कर हत्या मानवता को शर्मसार करती है।**

चरणदास ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा कि केवल संदेह के आधार पर एक प्रवासी श्रमिक की पीट-पीटकर हत्या मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। उन्होंने बताया कि मृतक के शरीर पर 80 से अधिक गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जो घटना की भयावहता को दर्शाते हैं।

उन्होंने ने मांग की मृतक की पार्थिव देह को शीघ्र और सम्मानपूर्वक छत्तीसगढ़ लाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं।

डॉ. महंत ने पीड़ित परिवार के लिए तत्काल आर्थिक सहायता, परिवार के एक पात्र सदस्य को सरकारी नौकरी तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा हेतु अंतर-राज्यीय समन्वय तंत्र को मजबूत करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि शासन की संवेदनशीलता और त्वरित हस्तक्षेप से न केवल पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा, बल्कि यह भी संदेश जाएगा कि राज्य सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## 'संघ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर तारीफ़ की, और कहा कि आरएसएस सामाजिक बदलाव की उस विरासत को आगे बढ़ाना चाहता है। उन्होंने कहा कि अपनी शताब्दी समारोह के हिस्से के रूप में, आरएसएस की सच्चाई को जनता के सामने रखने के लिए कोलकाता, दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में लेक्चर और बातचीत के सेशन आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अन्य स्रोतों के बजाय तथ्यों के आधार पर राय बनाने का आग्रह किया।

## हरियाणा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आकस्मिक चैकिंग की गई और पुलिस थाना साइबर क्राइम सिरसा हरियाणा के उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार व पुलिस स्टाफ के अन्य सदस्यों को वाहन संख्या एचआर 24 जीबी 2222 में 6 लाख रुपये की अवैध संदिग्ध रिश्वत राशि सहित परिवहन करते हुये पकड़ा।

राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, ( राज. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908